RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 148 • 19:09:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

# केंद्रीय कैबिनेट ने एक राष्ट्र एक चुनाव को दी मंजूरी

## अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को दी जानकारी

## मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा, हम इसके खिलाफ

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने बताया कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में एक साथ चुनाव कराने का विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखे जाने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव दो चरणों में लागू किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रस्ताव को बड़ी संख्या में दलों का समर्थन प्राप्त है। वैष्णव ने कहा, 80 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। विपक्षी दलों पर इसका समर्थन करने



के लिए अंदरूनी दबाव पड़ सकता है।कांग्रेस, आप और शिवसेना (यूबीटी) सहित कई विपक्षी दलों ने एक साथ चुनाव कराने का विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि इससे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को फायदा होगा। जेडी(यू) और चिराग पासवान की पार्टी जैसे एनडीए के सहयोगियों ने इस विचार का समर्थन किया है। वैष्णव ने आगे कहा, सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची बनाई जाएगी। कोविंद पैनल की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक कार्यान्वयन समूह बनाया जाएगा। मोदी सरकार ने एक साथ चुनाव कराने की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए पैनल का गठन किया था, जो भाजपा द्वारा अपने लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में किए गए प्रमुख वादों में से एक है। पैनल ने इस साल मार्च में राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट सौंपी। एक राष्ट्र एक चुनाव कैसे लागू किया जाएगा अपनी 18,626 पन्नों की रिपोर्ट में पैनल ने पहले कदम के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया है। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए राज्यों की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।

अगले कदम में नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ समन्वयित करना शामिल है। यह इस तरह से किया जाएगा कि स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर हो जाएं। हालांकि, इसके लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। पैनल ने एक राष्ट्र एक चुनाव को हकीकत बनाने के लिए 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है। हाल के हफ्तों में, भाजपा ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए अपनी आवाज़ तेज़ कर दी है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी किया। यह कहते हुए कि एक साथ चुनाव समय की ज़रूरत है, पीएम मोदी ने तर्क दिया कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर ज़ोर देते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एनडीए के मौजूदा कार्यकाल में लागू किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हम इसके साथ नहीं हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र में काम नहीं कर सकता। अगर हम चाहते हैं कि हमारा लोकतंत्र बचा रहे, तो चुनाव जब भी ज़रूरत हो, कराए जाने चाहिए।

# हर एक अग्निवीर को मिलेगी नौकरी: शाह

एजेंसी। फरीदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। हरियाणा की चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि सेना से आने वाले हर अग्निवीर को नौकरी मिलेगी। देश में इनके लिए 20 फीसदी आरक्षण कर दिया है और जो बचेंगे उन सभी को हरियाणा में नौकरी दी जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि हरियाणा को जवान, किसान, खिलाड़ियों के लिए जाना जाता है। सेना में हरियाणा के जवान ज्यादा हैं। हरियाणा देश का गौरव है। देश की जनता का पेट हरियाणा का किसान भरता है और मेडल लेकर हरियाणा का खिलाड़ी दुनिया में नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि कांग्रेस झूठ फैला रही है। शाह मंगलवार शाम फरीदाबाद के सेक्टर-12 में आयोजित भाजपा की चुनाव रैली में बोल रहे थे। इस मौके पर जिला फरीदाबाद की सभी छह विधानसभा सीटों पर खड़े भाजपा के उम्मीवारों सहित केंद्रीय राज्यमंत्री



कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल भी मौजूद थे।शाह ने कहा कि वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहते हैं कि सैनिकों की धरती हरियाणा में कांग्रेस ने वन रैंक वन पेंशन क्यों नही दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने वन रैंक वन पेंशन को लागू किया। अमित शाह ने कहा कि जब तक भाजपा की सरकार है तब तक कश्मीर से हटाई 370 की धारा को दोबारा कोई नहीं लगा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के उम्मीदवारों की जनसभाओं में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश जाकर देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस कश्मीर में जेल के अंदर बंद आतंकियों को छुड़वाना चाहती है और कश्मीर से हटाई गई धारा 370 को दोबारा लगाना चाहती है, जिसे भाजपा किसी कीमत पर नहीं होने देगी। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में हरियाणा सहित फरीदाबाद का खूब विकास कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केजीपी, केएमपी, जेवर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस बनाए हैं। शिक्षा, स्वास्थय पर भरपूर काम किया है। अस्पताल, सशिक्षण संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खर्ची पर्ची से नौकरी मिलती थी, जिसको भाजपा की सरकार ने खत्म किया है। उम्मीदवारों ने भाजपा सरकार के दस साल में हुए विकास कार्य का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। कनेक्टिविटी मजबूत करने, शिक्षा का आधारभूत ढांचा मजबूत करने, स्वास्थ्य के लिए अस्पतालों को अपग्रेड करने, मेरिट पर नौकरी देने आदि विकास कार्यों का जिक्र किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लालू और तेजस्वी को एवेन्यू कोर्ट ने भेजा समन, 7 अक्टूबर होंगे पेश



**नई दिल्ली**। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव उनके बेटे तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने कहा कि तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी जमन जारी किया गया है। कोर्ट ने इन सभी को 7 अक्तूबर को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए हैं। ईडी ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिनमें से चार की पहले ही मौत हो चुकी है।

### बुलडोजर को लेकर केंद्र बनाए देश में एक समान गाइडलाइन: मायावती

**लखनऊ**। यूपी की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर पर रोक लगाने के फैसला को सही बताया है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर मामले को लेकर केंद्र सरकार से अपील की कि वह एक-समान गाइडलाइन बनाए। मायावती ने बुधवार को अपने एक्स पर लिखा- बुलडोजर विध्वंस कानून का राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिंता का कारण है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता उससे सहमत नहीं होती है तो फिर केंद्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनानी चाहिए, जो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा- बुलडोजर एक्शन मामले में सुप्रीम कोर्ट को इसमें दखल देकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो यह जरूरी था।



### स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स आज अंतरिक्ष में ही मनाएंगी बर्थडे

**वॉशिंगटन**। सुनीता विलियम्स जो इस समय स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण अपने दोस्त के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। उन्हें धरती पर लौटने में अभी चार-पांच महीने और लग सकते हैं। अपने साथ विल्मोर के साथ चुनौतियों का सामना कर रहीं सुनीता अंतरिक्ष यात्री 19 सितंबर को धरती से करीब 400 किलोमीटर दूर अपना 59वां जन्मदिन मानएंगी। इससे पहले भी वह स्पेस में अपना बर्थडे मना चुकी हैं। सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को हुआ था। वह भारत के अहमदाबाद (गुजरात) से ताल्लुक रखती हैं और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए से अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। उनसे पहले कल्पना चावला ने यह उपलब्धि हासि की थी। जून 1998 में उनका अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ और ट्रेनिंग शुरू हुई। सुनीता विलियम्स जो अमेरिका के अंतरिक्ष मिशन पर गई हैं।

## कैबिनेट ने किसानों को मूल्य समर्थन के लिए पीएम-आशा के तहत 35,000 करोड़ रुपये को मंजूरी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 35,000 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग चक्र (2025-26) के दौरान कुल वित्तीय व्यय 35,000 करोड़ रुपये होगा। सरकार ने किसानों और उपभोक्ताओं को अधिक कुशलता से सेवा मुहैया करने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम आशा में एकीकृत किया है। पीएम-आशा की एकीकृत योजना कार्यान्वयन में अधिक प्रभावशीलता लाएगी, जो न केवल किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने में मदद करेगी बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके मूल्य अस्थिरता को भी नियंत्रित करेगी। पीएम-आशा में अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ), मूल्य घाटा भुगतान योजना (पीओपीएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के घटक होंगे। सरकार ने किसानों से एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद के लिए मौजूदा सरकारी गारंटी को नवीनीकृत और बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दिया है। इससे कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) द्वारा किसानों से एमएसपी पर दलहन, तिलहन और खोपरा की अधिक खरीद करने में मदद मिलेगी, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के ई-समृद्धि पोर्टल और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) के ई-संयुक्ति पोर्टल पर पहले से पंजीकृत किसान भी शामिल हैं । इससे किसान देश में इन फसलों की अधिक खेती करने के लिए प्रेरित होंगे और इन फसलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में योगदान देंगे, जिससे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भरता कम होगी।

### चंद्रयान-4, शुक्र मिशन और अंतरिक्ष केन्द्र को मंजूरी

**नई दिल्ली**। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इनमें चन्द्रमा और शुक्र से जुड़े मिशन और भारत के अंतरिक्ष में स्थायी स्टेशन से जुड़े अभियान शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इन्हें मंजूरी प्रदान की । कैबिनेट में आज मंजूर किए गए मिशनों के तहत भारत चंद्रयान-4 नामक चन्द्र मिशन लांच करेगा। इसका उद्देश्य चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद पृथ्वी पर वापस आने के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करना है। साथ ही इसके माध्यम से चंद्रमा से नमूने एकत्र कर और पृथ्वी पर उनका विश्लेषण करना भी है। इसके अलावा भारत शुक्र ग्रह पर मिशन भेजेगा। इसका नाम वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अन्वेषण करना, शुक्र ग्रह के वायुमंडल, भूविज्ञान को बेहतर ढंग से समझना तथा इसके घने वायुमंडल की जांच करके बड़ी मात्रा में वैज्ञानिक आंकड़े जुटाना है। इसके अलावा गगनयान के बाद के मिशनों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के निर्माण को मंजूरी दी गई है। बीएएस की स्थापना 2028 में अपने पहले मॉड्यूल के प्रक्षेपण के साथ की जाएगी। इसके साथ ही नए पुनः प्रयोज्य कम लागत वाले अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास किया जाएगा। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के उतरने की क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पहले से स्वीकृत कार्यक्रम में 11,170 करोड़ रुपये की शुद्ध अतिरिक्त फंडिंग के साथ, संशोधित दायरे के साथ गगनयान कार्यक्रम के लिए कुल फंडिंग को बढ़ाकर 20,193 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह बांटी 1300 से ज्यादा डिग्रियां

### आपकी सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों का अहम योगदान

एजेंसी। जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को जयपुर पहुंचीं। एयरपोर्ट पर राजस्थाना के सीएम भजनलाल शर्मा, राज्यपाल समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू शाम 4 बजे तक जयपुर में रहेंगी और इसके बाद वे वह मध्यप्रदेश के इंदौर के लिए विशेष विमान से रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत बी.टेक, बी.आर्क, एम.टेक, एम.प्लान, एम.बी.ए, एम.एस.सी और पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल मिलाकर 1361 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदानी की गई, जिनमें से 29 फीसदी छात्राएं थीं। इसके साथ ही, राष्ट्रपति




ने 600-बेड वाले अरावली छात्रावास का उद्घाटन भी किया। एमएनआईटी जयपुर को राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एमआईआरएफ) के मुताबिक सभी एनआईटी में 8वां और देश के इंजीनियरिंग संस्थानों में 43वां स्थान प्राप्त हुआ है। संस्थान जल्द ही बी.टेक इन इंजीनियरिंग फिजिक्स और बी.टेक इन मैथ्स एंड कंप्यूटिंग के नए कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है। पिछले साल संस्थान ने 915 छात्रों का सफल प्लेसमेंट करवाया, जिसमें सबसे बड़ा पैकेज 64 लाख रुपए साल का था, जो कि एक छात्रा को मिला था। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में 1300 से ज्यादा छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि आज 20 गोल्ड मेडल में से 12 बेटियों को मिले हैं, ये अनुपात प्रमाण है कि उन्हें समान अवसर मिले तो वे सफलता हासिल कर सकती हैं। इस साल का सबसे बड़ा प्लेसमेंट भी एक बेटी ने हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों का अहम योगदान है। रिसर्च और डेवलपमेंट में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। एमएनआईटी की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं हैं। यह भी सराहनीय है। एमएनआईटी स्थानीय प्रतिभा को अवसर देता है। तो वहीं भारत की विविधता को भी दिखाता है। एमएनआईटी के 125 स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। सुपरविजन पर विदेशी संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है एमएनआईटी जयपुर को भविष्य में आप टॉप टेन में जगह दिलाएंगे।

### कांग्रेस का राहुल के खिलाफ बयानों पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ हिंसक बयान देने वाले भाजपा नेताओं तरविंदर सिंह मारवाह, रघुराज सिंह, रवनीत बिट्टू (रेल राज्य मंत्री) और शिव सेना-शिंदे विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। तुगलक रोड थाने में दी शिकायत में अजय माकन ने कहा है कि इन नेताओं की ओर से दिए गए बयान आपराधिक हैं और कांग्रेस पार्टी और नेता राहुल गांधी के खिलाफ नफरत फैलाने वाले हैं। यह सब भाजपा और एनडीए नेताओं के कहने पर हो रहा है। यह एक सुनियोजित साजिश है। ऐसे में इन नेताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351, 352, 353 और 61 के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## वैवाहिक रेप मामलों को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह जटिल प्रश्न से जुड़ी याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा कि लेकिन कोई पति अपनी पत्नी को जो नाबालिग नहीं है, यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है तो क्या उसे अभियोजन से छूट मिलनी चाहिए? एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुईं वकील इंदिरा जयसिंह ने सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने बताया कि मामलों में आंशिक रूप से सुनवाई हुई है और सुनवाई के बाद अगले दो दिनों में कार्यों का



आकलन किया जाएगा। सीजेआई ने कहा आज और कल होने वाली सुनवाई से हमें पता चल जाएगा, जिसके बाद हम निश्चित रूप से वैवाहिक रेप मामलों को सूचीबद्ध करने पर विचार करेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई को कानूनी प्रश्न पर याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। सीजेआई ने संकेत दिया था कि मामलों में 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। आईपीसी की धारा 375 के अपवाद खंड के तहत किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ अगर पत्नी नाबालिग नहीं हो, यौन संसर्ग या यौन कृत्य रेप नहीं है। भारतीय दंड संहिता को निरस्त कर दिया गया है और अब उसकी जगह बीएनएस ने ले ली है। यहां तक कि नए कानून के तहत भी अपवाद दो से धारा 63 (रेप) में कहा गया है कि अपनी पत्नी जो 18 साल से कम उम्र की नहीं हो, के साथ यौन संसर्ग या यौन कृत्य रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी के वयस्क होने पर पति को जबरन यौन संबंध बनाने पर अभियोजन से सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित आईपीसी के प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 जनवरी, 2023 को केंद्र से जवाब मांगा था।

## पीएम को मिले उपहारों की ई-नीलामी 2 अक्टूबर तक चलेगी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों और स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी मंगलवार से शुरू हो गई है, जो 2 अक्टूबर तक चलेगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह संग्रह भारत की संस्कृति, आध्यात्मिकता, इतिहास और राजनीति के समृद्ध ताने-बाने को दर्शाता है। इस नीलामी की एक खास विशेषता पैरालंपिक खेलों और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े स्मृति चिह्न हैं, जो देश के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाते हैं। इस नीलामी का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 600 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं। ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यह प्रधानमंत्री के स्मृति चिन्हों की नीलामी का छठा संस्करण है, जो पहली बार 2019 में आयोजित किया गया था। अब तक के पांच





संस्करणों में 50 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई जा चुकी है। नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना को दी जाएगी, जो गंगा नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए समर्पित है। नीलामी में पारंपरिक कला के अद्भुत नमूने शामिल हैं, जैसे जीवंत पेंटिंग्स, मूर्तियां, स्वदेशी हस्तशिल्प, और आदिवासी कलाकृतियां। इसके साथ ही, पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, सिर की टोपियां और सेरेमोनियल तलवारें भी प्रदर्शित की गई हैं, जो सम्मान और आदर के प्रतीक के रूप में मानी जाती हैं। नीलामी 2 अक्टूबर तक चलेगी, और इसमें देशभर से लोग भाग ले सकते हैं।

### डॉ. मुरुगन ने गिनवाईं केन्द्र की 100 दिनों की उपलब्धियां, कहा-गरीबों के लिए 15 लाख करोड़ रुपये का किया गया निवेश

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की 100 दिनों की उपलब्धियां गिनवाईं। नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ मुरुगन ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 100 दिनों के अंदर समावेशी विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। सिर्फ 100 दिनों के भीतर, बुनियादी ढांचे, कृषि, महिला विकास और अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गरीबों के उत्थान में 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि, ग्रामीण क्षेत्रों, राजमार्गों, रेलवे, हवाई संपर्क और बंदरगाहों के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इन 100 दिनों के दौरान बुनियादी ढांचे में 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.7 प्रतिशत कर दिया गया है और इसके अलावा, पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त से 20,000 करोड़ रुपये 9.3 करोड़ किसानों को वितरित किए गए हैं।

### सिख समाज पर राहुल गांधी के बयान को भाजपा ने बताया भड़काऊ और अपमानजनक

**नई दिल्ली**। सिख समाज पर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा लगातार हमलावर है। बुधवार को भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि सिख समाज को भड़काने और उनका अपमान करने वाला बयान राहुल गांधी की पारिवारिक विरासत है। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक कांग्रेस ने सिखों को सिर्फ़ तिरस्कृत किया और उनके साथ हिंसा की। बुधवार को एक्स प्लेटफार्म पर अमित मालवीय ने कहा कि भारत में किस सिख को पिछले दशक में या 1990 के दशक से भाजपा शासित राज्यों में पगड़ी या कड़ा पहनने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है? किस सिख को या सिखों को समुदाय के रूप में केवल एक बार खतरा और अलगाव महसूस हुआ था, वह तब जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने 1982 के एशियाई खेलों से पहले सभी सिखों को दिल्ली की ओर जाने से रोक दिया था और उन सभी को संभावित रूप से 'खतरा' करार दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से सिधवलिया के युवक की लुधियाना में मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के एक युवक की विगत शनिवार को लुधियाना में सर्पदंश से मौत हो गई। मृत युवक बुचिया कली टोला के रामप्रवेश राम का पुत्र 17 वर्षीय कन्हैया कुमार था। उसका शव रविवार की रात को घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि कन्हैया लुधियाना में एक कंपनी में मजदूरी करता था। शुक्रवार की रात कमरे में उसे सांप ने डस लिया। उसे लगा कि शायद चूहा ने काट लिया है। शनिवार की सुबह स्थिति गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर पर मां सुशीला देवी का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के सूचना मिलने के बाद राजद विधायक प्रेम शंकर यादव, प्रेम यादव, टुन्ना पाल, मुखिया पति प्रदीप कुमार, रजनीश कुमार आदि ने उसके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। पत्थर तोड़ने के दौरान थावे के युवक की बेंगलुरु में मौत थावे। स्थानीय थाने के लछवार गांव के एक युवक की बेंगलुरु में पत्थर तोड़ने के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी ठेकेदार का पत्थर तोड़ने का कार्य चल रहा था। ब्लास्ट कर तोड़ने के दौरान पत्थर का एक टुकड़ा उसके शरीर पर लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। मृत युवक लछवार गांव के अमर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अतुल सिंह था। परिजनों ने बताया कि घर से कमाने के लिए एक सप्ताह पहले ही बेंगलुरु गया था । लगभग चार वर्षों से पत्थर तोड़ने का कार्य करता था। बीच-बीच में घर भी आ जाता था। उसका शव बुधवार की सुबह तक पहुंचेगा। शव को एंबुलेंस से लाया जा रहा है।

### गलत तरीके से सेवानिवृत्त करने का आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम के सफाई कर्मचारी सनातन हरि ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर गलत तरीके से सेवानिवृत्त कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। नगर आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि उनकी नियुक्ति 22 नवंबर 1995 को हुई। चिकित्सा प्रमाणपत्र के अनुसार 30 जून 2001 में उनकी उम्र 33 वर्ष दर्ज है। प्रमाणपत्र में उनकी जन्मतिथि 30 जून 1968 दर्ज है। इस अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति 30 जून 2028 को होना चाहिए, लेकिन तत्कालीन स्थापना शाखा प्रभारी द्वारा उन्हें गलत तरीके से तिथि निर्धारित करते हुए छह साल पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया है। इस संबंध में कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई। गलत व्यवहार करने के साथ धमकी भी दी गई। ऐसे में मामले की जांच कराते हुए उसे नगर निगम के साथ संयोजित करते हुए गलत कार्रवाई की जांच कराकर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पूर्णिया, एजेंसी।** चम्पानगर पुलिस ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी चम्पानगर थाना क्षेत्र के पोठिया रामपुर पंचायत के इटहवा गांव निवासी मुंशी यादव का 48 वर्षीय पुत्र अनमोल यादव है। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहार में सरकारी दफ्तर से मिलीं शराब की 135 बोतलें, मुखिया के पति समेत 7 गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शराबबंदी वाले बिहार में एक सरकारी दफ्तर से ही दारू की खेप बरामद हुई है। राज्य सरकार के मद्य निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मुजफ्फरपुर जिले के पारू इलाके में एक सरकारी कार्यालय के परिसर से शराब की 135 बोतलें बरामद कीं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले में चिंतामनपुर पंचायत की महिला मुखिया के पति मोती राम समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मद्य, निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग के निरीक्षक शिवेंद्र कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने मुजफ्फरपुर के पारू क्षेत्र के फंदा गांव में एक सरकारी भवन के परिसर में बीती रात छापेमारी कर विदेशी शराब की 135 कार्टून बोतलें बरामद कीं। कार्टूनों को बोरियों में बंद करके परिसर के एक कोने में रखा गया था। सभी 135 कार्टून जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह परिसर पंचायत विभाग से संबंधित गतिविधियों के लिए था और महिला मुखिया भवन की प्रभारी हैं।

# पश्चिमी चंपारण में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 85 कार्टन शराब के साथ चालक गिरफ्तार



**योगापट्टी, एजेंसी।** पश्चिमी चंपारण के योगपट्टी की पुलिस ने लक्ष्मीपुर चौक से एक पिकअप वैन पर लदी 85 कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। वह यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहा था। पूर्वी चंपारण में डिलीवरी देना था। गिरफ्तार चालक पूर्वी चंपारण जिला के बंजरिया थाना क्षेत्र के नयका टोला गांव निवासी राजेश साह के पुत्र गुड्डू कुमार है। उसके पास से एक मोबाइल जब्त किया गया है।

जिसके काल डिटेल के आधार पर अन्य धंधेबाजों की पहचान की जा रही है। वैन चालक भी शराब धंधेबाज है। डीएसपी रजनीश कांत प्रियदर्शी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब की एक बड़ी खेप नवलपुर के रास्ते योगापट्टी थाना क्षेत्र में आने वाली है।

वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष कंचन भाष्कर के नेतृत्व में पुलिस विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन जांच करने लगी। इसी दौरान लक्ष्मीपुर चौक पर पिकअप वैन को पुलिस ने रोका तो चालक तेज गति से बेतिया की तरफ भागने लगा । जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान अलग - अलग ब्रांड की 85 कार्टन शराब के साथ पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है। मामले में कांड दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शिवहर में हथियार के साथ सप्लायर सहित तीन बदमाश गिरफ्तार, फोन और बाइक भी जब्त

**शिवहर, एजेंसी।** जिले की तरियानी थाने की पुलिस ने मुशहरी चौक पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान हथियार और लूट की बाइक के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस, एक होंडा बाइक और तीन मोबाइल जब्त की है।

पकड़े गए बदमाशों में तरियानी थाना क्षेत्र के मुशहरी गांव निवासी अजीत कुमार व आदित्य कुमार तथा मठ मसौली निवासी राजा कुमार शामिल है। पुलिस के अनुसार राजा कुमार हथियार सप्लायर है। पुलिसिया पूछताछ में तीनों बदमाशों ने पिस्टल राजा कुमार से खरीदने व इसके बल पर लूट व छिनतई की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। जानकारी के अनुसार, तरियानी थानाध्यक्ष विनय प्रसाद के निर्देश पर अवर निरीक्षक दीपक पटेल सहित पुलिस टीम गश्ती पर निकली थी। इस दौरान तरियानी थाना क्षेत्र के मुशहरी चौक पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस को देखते ही दोनों बाइक लेकर वापस भागने लगे। मौजूद पुलिस टीम ने खदेड़ कर बाइक सहित दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा बाइक व युवकों की जांच की गई। बाइक का कागजात मांगे जाने पर युवकों ने न तो कोई कागजात दिखाए और नहीं कोई जवाब नहीं दिया।

पकड़े गए आदित्य कुमार की मोबाइल की जांच में पिस्टल की तस्वीर दिखी। वहीं, वाट्सएप पर राजा कुमार के साथ उसकी चैटिंग मिली। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो अजीत व आदित्य ने बताया कि उसने पांच हजार में राजा कुमार से पिस्टल खरीदी है।

इसके बाद पुलिस ने बाइक व दोनों की मोबाइल जब्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं अजीत कुमार की निशानदेही पर मुशहरी गांव स्थित अजीत के घर के पास स्थित एक झोपड़ी से जमीन में छिपाकर रखे गए पिस्टल को बरामद किया।

इसके बाद आदित्य व अजीत की निशानदेही पर मठ मसौली गांव में छापेमारी कर राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनय प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## नालंदा में डेकोरेशन संचालक की बेरहमी से हत्या

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले में डेकोरेशन सह डीजे संचालक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वारदात हिलसा थाना इलाके के इंदौत गांव की है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना इलाके के दामोदरपुर गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संतोष की ईंट और पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई, फिर शव को शौचालय की टंकी में फेंक दिया गया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ जारी है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। कुछ लोग इसे लूटपाट की घटना से जोड़ रहे हैं, तो वहीं कुछ अवैध संबंध में हत्या की बात बता रहे हैं। परिजन ने बताया कि संतोष कुमार वह डेकोरेशन और डीजे का काम करता है। 15 सितंबर को मरांची गांव निवासी विक्कू कुमार चौधरी ने शादी और बर्थडे पार्टी के नाम से डेकोरेशन बुक कराया था। इसके बाद संतोष अपने बेटे रोहित कुमार के साथ विक्कू की एक महिला रिश्तेदार के यहां पहुंचा। विक्कू ने उन्हें वहीं पर रात रुक जाने को कहा। रात में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर संतोष और उसके बेटे की लाठी-डंडे से खूब पिटाई की। मारपीट के दौरान रोहित बेहोश होकर गिर गया। फिर आरोपी संतोष को घर लाए और उसकी हत्या कर शव को शौचालय की टंकी में फेंक दिया। दो दिन बीत जाने के बाद भी जब पति और बेटा घर नहीं आया तो पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और डेकोरेशन बुक करने वाले युवक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद शव को टंकी में फेंक दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गंडक नदी का कटाव जारी, 50 बीघा जमीन समाई

**छपरा, एजेंसी।** रतजगा करने को विवश हैं ग्रामीण घर से महज दस से बारह मीटर दूरी पर नदी की धारा 6 - मकेर के लगुनियां हैजलपुर में कटाव स्थल के निरीक्षण के उपरांत किसानों से बात करते गंडक विभाग के एसडीओ विजय कुमार 7 - मकेर के हैजलपुर गांव में कटाव रोधी कार्य करते मजदूर व काम करवाते एसडीओ विजय कुमार व मुखिया अनिल सिंह मकेर, एक संवाददाता। प्रखंड के हैजलपुर व लगुनियां गांव में गंडक नदी में दूसरे दिन भी कटाव जारी है। अब तक पचासों बीघे जमीन नदी में समा चुकी हैं। आधा दर्जन लोगों के घर से महज दस से पन्द्रह मीटर की दूरी पर पानी बह रहा है। ये सभी रात को रतजगा करने को विवश हैं। हैजलपुर गांव की रीता देवी व संगीता देवी ने बताया कि पहले गांव से गंडक नदी एक किलोमीटर दूर थी पर अब तो घर से महज दस से बारह मीटर दूरी पर नदी की धारा है। वैसे में हम सभी परिवार के साथ रतजगा करने को विवश हैं। लगुनियां गांव के किसान अजय राय ,फतींगा राम , कृष्णा महतो व ओम प्रकाश महतो ने बताया कि उन लोगों की अधिकांशतः जमीन गंडक नदी में कट कर चली गई है। वैसे में अब तो खाने के भी लाले पड़ेंगे। यह कहानी? ओम प्रकाश महतो की ही नहीं ऐसे दर्जनों किसानों की है। पिछले आठ दिनों से हो रही कटाव में अब तक पचासों बीघे जमीन नदी में चली गई है। प्रतिदिन किसान जगने पर बिछावन छोड़ने से पहले ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कटाव बंद हों। किसान शशि सिंह व सुमित सिंह ने बताया कि बांस व पेड़ों के डाल काटकर रखे जा रहे हैं,यह नाकाफी हैं। इससे कटाव रोकने की गुंजाइश नहीं है, जब तक कि पत्थर को बोरी में भरकर न रखा जाए। मालूम हो कि पिछले वर्ष भी उक्त? स्थान पर कटाव हुआ था लेकिन पानी बढ़ने के साथ धारा का प्रवाह दुसरे तरफ़ होने से रूक गया था। मकेर में दूसरा कटाव हसनपुरा बांध के पास हुआ था जिसे पत्थर व बोरी से पायलिंग करने पर कटाव रूक गया था। उक्त स्थल का मुआयना बीडीओ रीतिका सिन्हा,सी ओ निर्मला कुमारी ने किया। गंडक विभाग के एसडीओ विजय कुमार ने स्थल निरीक्षण के उपरांत बताया कि कटाव हो रहा है। कटाव रोधी काम किये जा रहें हैं। इसकी? सूचना वरिय पदाधिकारियों को दे दी गई है। दिशा निर्देश मिलने पर आगे की कारवाई की जायेगी। सारण में फिलहाल बाढ़ का खतरा नहीं,कटाव को ले अलर्ट बाढ़ से निपटने के लिए तैयारी पूरी होने का प्रशासन का दावा सारण में 14 प्रखंड वार्ड प्रभावित माने जाते हैं छपरा, नगर प्रतिनिधि। सारण में फिलहाल बाढ़ की स्थिति नहीं है। मकेर सहित कुछ अन्य प्रखंडों के नदी तट पर हो रहे कटाव पर जिला प्रशासन अलर्ट है। प्रशासनिक स्तर पर बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा से लेकर आश्रय स्थल के बारे में भी निर्णय लिए गए हैं ।एनडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई है। जलस्तर पर नजर रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कर्मियों की प्रति नियुक्ति की गई है।

जिला प्रशासन का कहना है कि बाढ़ आने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए भी योजना बनाई गई है ।सारण में 14 प्रखंड वार्ड प्रभावित माने जाते हैं। जिले के मकेर, पानापुर, तरैया, दरियापुर में नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। शुद्ध पेयजल की हो आपूर्ति बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में सभी पेयजल स्रोतों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से समन्वय स्थापित कर सहायता प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। पेयजल स्रोत बाढ़ के पानी जलजमाव से प्रभावित होता है। इसके कारण उस क्षेत्र के पीने के पानी के शुद्धिकरण छोटे स्रोतों के लिए क्लोरीन टिकिया ( हैलोजन टिकिया ) एवं बड़े स्रोतों के लिए ब्लीचिंग पाउडर के माध्यम से करने पर जोर दिया गया है। बाढ़ आने पर भी उपलब्ध होगी चिकित्सीय सुविधा स्वास्थ्य विभाग बाढ़ के समय होने वाली बीमारियों की रोकथाम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता है।

## बिहार में टला रेल हादसा, चलती ट्रेन से निकलने लगीं आग की लपटें, यात्रियों में मची भगदड़



**छपरा, एजेंसी।** बिहार में एक ट्रेन हादसा टल गया। जब छपरा के सोनपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले अवतार नगर और बड़ा गोपाल रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन नंबर 15079) की बोगी नंबर 113491 के नीचे से धुआं और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री घबरा गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। जिसके बाद यात्रियों ने तत्काल ट्रेन के गार्ड और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी गई, जिन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत ट्रेन रोक दी। ट्रेन को बड़ा गोपाल रेलवे स्टेशन पर रोका गया, जहां रेलवे कर्मियों ने बोगी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि बोगी के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में आग लगी हुई थी, जिससे धुआं निकल रहा था। इस स्थिति को संभालने के लिए रेलवे कर्मियों ने तुरंत बैटरी बॉक्स का कनेक्शन काट दिया और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। गनीमत रही कि समय पर समस्या का समाधान कर लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि आग बुझा दी गई थी, फिर भी सुरक्षा और कानूनी प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को बड़ा गोपाल स्टेशन पर एक घंटे 13 मिनट तक रोके रखा गया। घटना की जानकारी मिलने पर उच्चाधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और ट्रेन को दोबारा चलाने की अनुमति दी गई। घटना के दौरान किसी भी यात्री को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ और न ही ट्रेन के अन्य डिब्बों में आग फैली। हालांकि, यात्रियों में इस घटना के बाद भय का माहौल बन गया और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना ने यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे के प्रबंधन पर एक बार फिर से सवालिया निशान खड़ा किया है, लेकिन रेलवे कर्मियों की तत्परता और त्वरित निर्णय ने बड़ी दुर्घटना को टालने में मदद की।

## लालू यादव के करीबी अमित कात्याल को बड़ी राहत, लैंड फॉर जॉब केस में मिली जमानत

**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी अमित कात्याल को लैंड फॉर जॉब मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कारोबारी कात्याल को रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कात्याल को लंबी सुनवाई के बाद जमानत का आदेश दिया।



कात्याल को 11 नवंबर 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि अमित कात्यालय ने आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की ओर से रेलवे में नौकरी के बदले कई लोगों से जमीन हासिल की थी। ईडी ने दावा किया कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए कई लोगों को रेलवे में नियमों की अनदेखी कर नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों और अन्य करीबियों के नाम पर जमीन लिखवाई गई थीं। एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के नाम पर भी रेलवे में नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों से जमीन हासिल की गई थी। इस कंपनी के निदेशक अमित कात्याल ही थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी पर भी सवाल उठाए। अदालत ने माना कि इस केस में किसी अन्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। वहीं, अमित कात्यालय जांच में शुरुआत से सहयोग कर रहे थे, इसके बावजूद उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से रांची जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी की ओर से कात्याल की गिरफ्तारी की आवश्यकता को स्पष्ट नहीं किया गया। साथ ही अन्य आरोपियों के मुकाबले इस केस में उनकी भूमिका कम है।

## छपरा में चाकू गोद कर अधेड़ का मर्डर, एक घायल

### शराब तस्करी के विवाद में हमले का आरोप, गांव में तनाव का माहौल



**छपरा, एजेंसी।** छपरा में आपसी विवाद में मंगलवार देर रात अधेड़ की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के रौजा तेलपा की है। बताया जाता है कि शराब तस्करी के विवाद में नशे की हालत में आरोपी ने हमला कर दिया। इसमें भजन महतो (55) पिता देव कुमार महतो की मौत हो गई है। जबकि, मृतक के बड़े भाई घायल है। भजन महतो की चाकू घोंपने के बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद गांव में तनाव की स्थिति है, जिसको लेकर पुलिस की तैनाती की गई है। आपसी मारपीट और चाकूबाजी में एक जख्मी है। जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। भजन महतो को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया।

### पड़ोसी से 2 दिन पहले हुआ था विवाद

घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक के भाई जवाहर महतो ने बताया कि पड़ोस के एक व्यक्ति से दो दिन पहले विवाद हुआ था। आरोपी ने बार बार हत्या करने की धमकी दी थी। मंगलवार देर शाम वो मेरे घर के बाहर आकर बैठा हुआ था। मेरे बड़े भाई जब गए तो उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। उनके चिल्लाने के बाद सभी लोग बाहर निकले, तो आरोपी ने शराब के नशे में चाकू घोंप दिया। वो जमीन पर गिर कर अचेत हो गए। अस्पताल में आने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शराब के कारोबार को रोकने को लेकर विवाद हुआ था।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

घटना में बारे में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के रौजा तेलपा में चाकू घोंप कर एक व्यक्ति की हत्या हुई है। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल में भेज दिया है। परिजनों के दिए गए आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।



## बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री 26 को आएंगे गया

### पितृपक्ष में अपने भक्तों के पूर्वजों का कराएंगे पिंडदान, सुनाएंगे भागवत कथा

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री 26 सितंबर को गयाजी धाम पहुंचेंगे। वे यहां अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे। साथ ही उन्हें भागवत कथा भी सुनाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वे बोधगया के सम्बोधि रिसोर्ट में ठहरेंगे और वहीं विधि-विधान से भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराया जाएगा। साथ ही उसी रिसोर्ट परिसर में वे भागवत कथा भी सुनाएंगे। इस बात की पुष्टि डीएम डॉ. त्यागराजन ने की है। डीएम ने कहा कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के गया आने की औपचारिक सूचना मिली है। इसके अलावा शेष जानकारी उनके पंडा को ही है। इधर, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के तीर्थ पुरोहित गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री और उनके भक्त बड़ी संख्या में गया जी धाम में पिंडदान के लिए पधार रहे हैं। वे हमसे गुरु आज्ञा लेकर भक्तों का पिंडदान कराएंगे।

**विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पिंडदान किया जाएगा :** गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भक्तों के पूर्वजों का अर्पण, तर्पण, पूजा-पाठ, पिंडदान की क्रिया को देव घाट स्थित ओडिशा भवन परिसर में एक साथ कराया जाएगा। इसके बाद वे भगवान श्री हरि विष्णुचरण का दर्शन मंदिर के गर्भ गृह में करेंगे और वहां पिंड अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पिंडदान किया जाएगा। यह सब पूरा करने के बाद वे बोध गया रिसोर्ट चले जाएंगे।

### भक्तों ने कथा के लिए कराई बुकिंग

गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने यह भी बताया कि पिंडदान और भागवत कथा के लिए पूर्व से पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भक्तों ने अपनी-अपनी बुकिंग करा रखी है। पिंडदान के निमित आने वाले तीर्थ यात्री दान करते हैं, वह भी स्वेच्छा से। इसकी कोई सीमा नहीं होती।

**अभी यह तय नहीं पंडित धीरेंद्र शास्त्री विष्णुपद मंदिर कब आएंगे: डीएम :** वहीं, डीएम त्यागराजन ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के साथ आ रहे हैं। वे किस दिन विष्णुपद मंदिर में दर्शन करेंगे, इसकी सूचना उनकी ओर से अब तक विधिवत रूप से नहीं दी गई है।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री को देखने के लिए सम्बोधि रिसोर्ट पहुंचे थे लोग

बीते वर्ष भी पितृपक्ष मेला के अवसर पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री और उनके भक्त गया जी धाम में आए थे और पिंडदान की प्रक्रिया को पूरी की थी। बीते वर्ष भी उन्होंने दरबार नहीं लगाया था। हालांकि बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए सम्बोधि रिसोर्ट पहुंचे थे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने होटल परिसर के अंदर से ही भक्तों से मिले थे। उनके साथ सांसद मनोज तिवारी भी थे। उस वक्त पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि वे तीन महीने बाद गया जी धाम आएंगे और दरबार लगाएंगे। लेकिन ऐसा अब तक नहीं हुआ है।

## औरंगाबाद में बाइक समेत परिवार के 5 लोग डूबे, मां-बेटे हुए लापता

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में मंगलवार रात करीब 8 बजे एक बाइक सवार परिवार के 5 लोग बटाने नदी में बह गए। सभी देव की ओर से कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम की ओर जा रहे थे। नदी के पुल के पास वैकल्पिक रास्ता है। वहां से गुजरने के दौरान सभी नदीं में डूब गए। पांच लोगों में तीन को स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की सहायता से निकाल लिया गया। तीनों की स्थिति गंभीर है। मां-बेटे लापता हैं। गंभीर लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घटना अंबा देव पथ की है। ग्रामीणों ने कासमा थाना क्षेत्र के पखनोउर निवासी शीला देवी (45), गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी संतोष पाल और सत्यम कुमार (2) को बचा लिया। वहीं, संतोष पाल की पत्नी प्रियंका देवी और एक साल का बेटा अभ्यम कुमार लापता है। सभी एक ही परिवार के हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अंबा अंचलाधिकारी चंद्रप्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई पंकज झा, एसआई सत्येंद्र झा, एसआई औरंगजेब खां सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में लग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री ददन पहलवान को मिली अग्रिम जमानत

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री ददन पहलवान उर्फ ददन यादव को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस प्रभात कुमार सिंह की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को मनी लांड्रिंग एक्ट के मामले में मंगलवार को अग्रिम जमानत दी। याचिकाकर्ता के विरुद्ध 14 दिसंबर, 2021 को मनी लांड्रिंग एक्ट, 2002 की धारा 45 और 44 के तहत भारत सरकार के डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट के असिस्टेंट डायरेक्टर द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया था। याचिकाकर्ता के विरुद्ध 5 ऐसे आपराधिक मामलों में आरोप था, जिसके जरिये अवैध रूप से धन प्राप्त करने का आरोप था।



याचिकाकर्ता के वरीय अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा का कहना था कि या याचिकाकर्ता को किसी मुकदमें में दोषी करार नहीं दिया गया है और कोई साक्ष्य नहीं है कि याचिकाकर्ता ने कोई अपराध करके गलत तरीके से धन इकट्ठा किया हो। वरीय अधिवक्ता आगे कहना था कि याचिकाकर्ता निर्दोष है और राजनैतिक बैर में गलत तरीके से फंसाया गया है।

### लैंड फॉर जॉब केस में लालू-तेजस्वी के बाद तेजप्रताप फंसे, 7 अक्टूबर को सभी को कोर्ट में पेश होना होगा

**पटना।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 'तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे।' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सभी को कोर्ट में पेश होना होगा। जिस किरण देवी को कोर्ट ने समन जारी किया है वो पटना की रहने वाली हैं। किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी थी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई। लैंड फॉर जॉब मामले में राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल को दिल्ली हाईकोर्ट ने नियमित जमानत मिल चुकी है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि 'आरोपी लगातार जांच में शामिल हो रहा है और किसी भी स्तर पर पूछताछ के लिए जारी समन से बचने की कोशिश नहीं की है। तथ्यों को देखते हुए आरोपियों के भागने की आशंका नहीं है, आरोपी 10 नवंबर 2023 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में ट्रायल को पूरा होने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में आरोपियों को जेल में रखने से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा।'

### पटना में युवक के गले पर चाकू से हमला, मौत, परिजन बोले- घर से कुछ लोग बुलाकर ले गए थे

**पटना।** पटना में बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना अंतर्गत देदौर गांव में युवक रूपेश पासवान की चाकू मार कर हत्या कर दी। गले पर चाकू से हमला कर अपराधी मौके से फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में सीएचसी बख्तियारपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के कारणों का पता लग रही है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक रूपेश पासवान को घर से कुछ लोगों ने बुलाया और उसकी चाकू मार कर हत्या कर दी। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं मौके पर पहुंचे बाढ़ एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि अपराधियों ने चाकू से हमला किया, जो जख्म ज्यादा है। इसके कारण युवक की मौत हो गई, हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसमें घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गंगा नदी में डूबा युवक, शौच के लिए निकला था घर से, पैर फिसलने से हुआ हादसा, तलाश जारी

**पटना।** पटना के बाढ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड के रामनगर दियारा में एक युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई है। युवक गंगा किनारे शौच करने गया था। पैर फिसलने के कारण वह गंगा नदी में डूब गया और पानी की तेज धार में बह गया। युवक राहुल कुमार रामनगर दियारा का वार्ड नंबर 5 का रहने वाला है। वहीं घटना की जानकारी अंचलाधिकारी और पुलिस को दे दी गई है। अंचलाधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना SDRF को दे दी गई है। शव की तलाश की जाएगी। फिलहाल स्थानीय गोताखोरों के द्वारा शव की तलाश की जा रही है।

### पंचतत्व में विलीन हुए पप्पू यादव के पिता, मधेपुरा में अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के पिता चंद्रनारायण यादव का पार्थिव पंचतत्व में विलीन हो गया है। मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। वो 80 साल के थे। चंद्र यादव का पार्थिव शरीर देर शाम पटना AIIMS से उनके पैतृक गांव मधेपुरा के खुर्दा गांव पहुंचा। मधेपुरा में आनंद मार्ग में रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया। पप्पू यादव ने पिता को मुखाग्नि दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पप्पू यादव को फोन कर उन्हें सांत्वना दी है। वहीं, पप्पू यादव ने कहा कि मेरा सबकुछ खत्म हो गया। पिता के जाने के बाद मेरे पास कुछ नहीं बचा। पिछले कुछ दिनों से वो बीमार चल रहे थे। 8 सितंबर को उन्हें पटना AIIMS में एडमिट कराया गया था। निधन की जानकारी सांसद पप्पू यादव ने खुद सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने लिखा- पापा नहीं रहे। एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा- 'मेरी दुनिया उजड़ गई। मेरे सृजनकर्ता, आदर्श, मेरे विचार केंद्र, मेरे प्रेरणा श्रोत, मेरे पथ प्रदर्शक, मेरी शक्ति के उत्स पिताजी नहीं रहे। पापा आपके बिना मैं कुछ नहीं।' पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर अपने पिता के बारे में लिखा है कि वो सिद्धांतों के पक्के इंसान हैं, जिन्होंने कभी इंसानियत के मूल्यों से समझौता नहीं किया। आपातकाल के दौरान जब आनंद मार्ग की विचारधारा को दबाने की कोशिश की जा रही थी, तब उन्हें अंडरग्राउंड होना पड़ा। उन्होंने कभी अपने विचारों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। उनके विचारों से मैं हमेशा प्रेरित होते रहा।

### पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



**चाणक्य भूमि बेतिया।** पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण बेतिया द्वारा सदर -1 अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर समीक्षा की गई । इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -1 उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण , वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी,कांडो का त्वरित निष्पादन, मद्य निषेध तथा जनता के बीच भयमुक्त वातावरण बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेने पहुंचे पूर्व सांसद

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर मे गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। दियारा के इलाकों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। वहीं मंगलवार को दियारा के अकीलपुर थाना क्षेत्र के मानस गांव में एक युवक डूब गया था। इसको लेकर बुधवार को पूर्व सांसद रामकृपाल यादव नदी के जलस्तर को देखने नसरीगंज फक्कड़ महतो घाट पहुंचे। इसके साथ ही मानस में डूबे युवक को खोजने के लिए टीम को भेजा। वहीं जैसे ही पूर्व सांसद रामकृपाल यादव घाट पर पहुंचे तो घाट पर मौजूद खगौल दियारा में टीकाकरण करने जा रही पीएचसी की एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कर्मी उनसे मिलने पहुंची। उनसे मिलकर सभी कर्मियों ने कहा कि दियारा में बाढ़ का पानी कोने-कोने में पहुंच चुका है। गंगा उफान पर है। हमे नाव से जाने में डर लगता है। इसके बाद रामकृपाल यादव ने इसको लेकर सिविल सर्जन से बात की और दियारा क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान खगौल पीएचसी की एएनएम कर्मी रतना सिन्हा ने कहा कि कल हमलोग दियारा में टीकाकरण गए थे, जिसके बाद दियारा क्षेत्र की स्थित को हमलोगों ने ANM ग्रुप में शेयर किए थे। उस ग्रुप में अधिकारी भी जुड़े हुए हैं। हमलोगों की सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं



किया गया है। जब दवा लेकर कंपनी आ जाती है, तो हमे जाना ही पड़ता है। आज भी हमलोग दियारा जाने के लिए घाट पर आ गए हैं, लेकिन गंगा की उफान देखकर हमारी हिम्मत नहीं हो रही है कि हम सभी गंगा पार जाए।

**नाव की व्यस्था कराने की कही बातः** पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि गंगा नदी उफान पर है। दियारा के हर गांव और घर में बाढ़ का पानी घुस गया है। दियारा वासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कल दियारा में एक युवक डूब गया है, जिसकी खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को भेजा है। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए बोले की दियारा क्षेत्र के लोगो का बाढ़ के कारण जो

♦ रामकृपाल यादव ने कहा- दियारा क्षेत्र में बाढ़ से लोगों की बढ़ी परेशानी, स्वास्थ्यकर्मियों की समस्याओं के समाधान की मांग

जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उनका जीवन खतरे में है। निजात दिलाने के लिए अविलंब नाव की व्यस्था की जाए। दियारा वासियों के रिलीफ और दवा की भी व्यवस्था की जाए जिसके उनकी रक्षा की जा सके।

**स्वास्थ्यकर्मियों के लिए मांगी छुट्टीः** वही एएनएम कर्मी को लेकर कहा की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण को लेकर यह लोग गंगा घाट पर पहुंची थी। दियारा में जाने के लिए। एएनएम कर्मियों ने कहा है की वो सभी नाव से जाने ले लिए तो तैयार हैं, लेकिन उनलोगो के पास लाइफ जैकेट नहीं है। गंगा नदी की जो धारा है यदि कोई हादसा हो जाए तो वो लोग क्या करेंगी। इसको लेकर हमने इस बात को लेकर सिविल सर्जन बात की है। लाइफ जैकेट उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। जिस तरह से पटना डीएम ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए दियारा के स्कूलों को बंद कर दिया है। उसी तरह इनलोगों को भी बाढ़ का जलस्तर गिरने तक छुट्टी दे देनी चाहिए।

## काम का मौका मिलता है तब तेजस्वी अराजक्ता फैलाते हैं

**एजेंसी, पटना।**



नीतीश के करीबी नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जब इन्हें काम करने का मौका मिलता है तब राज्य में अराजक्ता फैलाते हैं। जनता को मुरैठा बंधवाते हैं। अब मुरैठा खुलवा भी रहे हैं। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में मंत्री ने कहा कि अब मुरैठा खुलवा कर टोपी पहनवा रहे हैं। अब जब टोपी में खेला होगा तब दूसरी बात करने लगेंगे। श्रवण कुमार ने तेजस्वी के कार्यकर्ता आभार यात्रा पर कहा कि उनकी यात्रा पूरी तरह फेल रही है। तेजस्वी की विदेश यात्रा पर श्रवण कुमार ने कहा कि यात्रा फेल होने के बाद अब विदेश जा रहे हैं, हम उन्हें शुभकामना देते हैं। उन्हें समझ आ गया होगा कि यात्रा का लाभ नहीं है।

**गलत करेंगे तब सजा होगीः** लैंड फॉर जॉब मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव के समन के सवाल पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कोर्ट के कार्यवाही की प्रक्रिया होती है। इस पर कमेंट करना सही नहीं होगा। श्रवण कुमार ने कहा कि जो कानून के हिसाब से चलते हैं उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है।

♦ मंत्री श्रवण कुमार ने कहा- पहले मुरैठा बंधवाते हैं, अब खुलवा रहे हैं, यात्रा फेल इसलिए विदेश जा रहे

चाहे जो जिस स्तर पर काम कर रहे हों। नेता हों या अधिकारी हों। जो विधि सम्मत काम नहीं करते हैं, उन्हें अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसका उदाहरण सामने है। उनके नेता नीतीश कुमार पर किसी प्रकार का आरोप नहीं है। वहीं पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री जीतना राम मांझी की तरफ से आप की नेता आतिशी को दिल्ली की राबड़ी कहे जाने पर श्रवण कुमार ने कहा कि उन्होंने मांझी का बयान नहीं देखा है इसलिए उसपर कुछ नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अधिकार होता है वो जिन्हें चाहें नेता चुनें।

## सक्षमता पास करने वाले शिक्षकों की इसी महीने होगी पोस्टिंग

**एजेंसी, पटना।**

ऐसे नियोजित शिक्षक जो सक्षमता परीक्षा पास कर गए हैं उनकी इसी महीने पोस्टिंग कर दी जाएगी। इसके साथ ही उनके लिए अलग से ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को बताया कि राज्य में लगभग पौने 6 लाख नियोजित शिक्षक हैं। इनमें 1.80 लाख शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास किए हैं। बाकी शिक्षकों को 5 बार परीक्षा पास करने का मौका दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की तरफ से सभी के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है, जो सक्षमता परीक्षा पास किए हैं उन्हें भी ट्रेनिंग दिया जा रहा हैं। इस महीने के अंत तक उनकी पोस्टिंग हो जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षिकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की नई पालिसी भी इसी महीने लागू होगी। TRE-3 की रिजल्ट की देरी पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा आयोग



और बोर्ड को परीक्षा के परिणाम जारी करने के लिए कहा गया है।

**कोर्ट के रोक पर नए रोस्टर से होगी वैकेंसीः** शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई वैकेंसी की अधियाचना हमने भेजी है। आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले के बाद रोस्टर में बदलाव आया है। अब इस में बदलाव के बाद इस पर वैकेंसी जारी की जाएगी। इसमें स्कूलों के प्रिंसिपल, कम्प्यूटर शिक्षक और कॉलेजों में प्रोफेसर की बहाली भी शामिल है।

## 6 प्वाइंट से तय होगी सरकारी स्कूलों की रैंकिंग

**एजेंसी, पटना।**

बिहार सरकार, सरकारी स्कूल की रैंकिंग शुरू करने जा रही है। शिक्षा विभाग ने यह फैसला किया है। साल में एक बार नहीं, दो-दो बार स्कूल के परफॉर्मेंस निर्धारित किए जाएंगे। स्कूल की रैंकिंग से शिक्षकों की रैंकिंग तय होगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके आधार पर ही टीचर्स का परफॉर्मेंस भी तय होगा।

**नवंबर से शुरू होगा रैंकिंगः** शिक्षा विभाग के नए ACS डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी DEO को भेजे पत्र में कहा है कि बिहार के सभी सरकारी स्कूलों का साल में में दो बार रैंकिंग होगा। बिहार सरकार राज्य के सभी सरकारी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता फिक्स करने और स्टूडेंट्स के चौतरफा विकास के लिए काम कर रही है। इस संबंध में विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ उनके सामाजिक और भावनात्मक



व्यवहार जरूरी है। ACS ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षा विभाग सभी स्कूलों में साल में दो बार नवंबर और मार्च में रैंकिंग कराने का फैसला लिया है।

**6 प्वाइंट तय करेंगे स्कूल की रैंकिंग-ः** ACS डॉ. एस सिद्धार्थ ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूल की विभिन्न गतिविधियों जिसमें पढ़ाई, संसाधन का उपयोग, साफ-सफाई, हाइजीन, शिकायत दूर करने के साथ-साथ अन्य एडुकेशनल पॉइंट पर मार्क मिलेंगे।

**कुल 100 अंक लाने पर टॉप करेंगे स्कूलः** स्कूल की रैंकिंग के लिए अंक निर्धारित किए गए है। 100 अंक लाने वाले स्कूल टॉप रैंकिंग में शामिल रहेगा। दो या दो से अधिक स्कूल बराबर अंक लाते हैं, तो एक साथ कई स्कूल टॉप पर रहेंगे।

### ACS डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी DEO को भेजा पत्र, इससे ही तय होगा टीचर्स का परफॉर्मेंस

**रैंकिंग से टीचर का परफॉर्मेंस तयः** शिक्षा विभाग ने कहा है कि रैंकिंग से स्कूल टीचर्स का परफॉर्मेंस तय होगा। सभी शिक्षकों के सलाना मूल्यांकन रिपोर्ट स्कूल के परफॉर्मेंस पर तय होंगे। इस पर पहले भी आदेश जारी किया गया था, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता कैसे उत्कृष्ट हो, इसके लिए विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए थे।

**बच्चो के देखभाल पर भी नंबर...ः** शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि पढ़ाने के अलावा अन्य तरह के कार्य पर 60 मार्क तय किए गए है। आदेश में साफ-सफाई और स्वच्छता पर 15 अंक फिक्स होंगे। साफ सफाई और स्वच्छता में यह देखना होगा कि स्टूडेंट्स को अच्छी तरह से तैयार होकर विद्यालय आ रहे हैं या नहीं। कटे हुए नाखून, संवरे हुए बाल और ड्रेस साफ सुथरे हो। इसके लिए बच्चे पर 5 मार्क,क्लास की सफाई पर 2.5 , किचेन की सफाई पर 2.5, स्कूल परिसर की साफ सफाई पर 2.5 और टॉयलेट की साफ-सफाई पर 2.5 तह किए हैं।

**100 से न्यूनतम 85 अंक लाने वाले स्कूल को मिलेंगे 5 स्टार :** शिक्षा एसीएस ने पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संसाधन उपयोग पर 12 अंक,शैक्षणिक गतिविधियों पर 10 अंक, शिकायत निवारण पर 3 अंक मिलेंगे। ग्रेडिंग में जिस स्कूल का स्कोर 85 से 100 होगा उसे फाइव स्टार मिलेगा।

## स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ कांग्रेस की न्याय यात्रा, 19 सितंबर को कांग्रेस सेवा दल पटना से शुरू करेगी यात्रा

### 25 सितंबर को बोधगया में होगी सभा

**एजेंसी, पटना।**

कांग्रेस सेवा दल ने स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ पोस्टर जारी किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ. संजय यादव ने कहा है कि स्मार्ट मीटर की दमनकारी और गैर-लोकतांत्रिक नीति के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लिया है। स्मार्ट मीटर की जल्दबाजी में लागू की जा रही नीति ने आम जनता को परेशानी में डाल दिया है। स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ लेफ्ट पार्टियां और राष्ट्रीय जनता दल तो मुखर है ही, अब कांग्रेस ने इसके खिलाफ न्याय यात्रा निकालना तय किया है। बिहार कांग्रेस सेवा दल के कार्यकारी मुख्य संगठक डॉ. संजय यादव ने कहा है कि स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में कांग्रेस सेवा दल बिहार न्याय यात्रा निकालेगा। यह यात्रा 19 सितंबर से निकलेगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ. संजय यादव ने कहा है कि स्मार्ट मीटर की दमनकारी और गैर-लोकतांत्रिक नीति के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लिया है। स्मार्ट मीटर की जल्दबाजी में लागू की जा रही नीति ने आम जनता को परेशानी में डाल दिया है। बिजली बिल में सामान्य से डेढ़ गुना अधिक हो गया है, गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक संकट में डाल रहा है। इसके




अलावा, स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायतें बढ़ गई हैं, जिससे गलत बिलिंग हो रही है और ग्राहकों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर को रिचार्ज करने में परेशानी आ रही हैं, क्योंकि यहां स्मार्ट फोन और इंटरनेट की कमी है। रिचार्ज खत्म होने पर बिजली की अचानक कटौती के कारण लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ता है। स्मार्ट मीटर का विरोध करने वालों को कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जा रही है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी और तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण स्मार्ट मीटर सफल नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए, हमारी प्रमुख मांग है कि स्मार्ट मीटर नीति को तुरंत वापस लिया जाए, गरीबी, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों को राहत देते हुए पारंपरिक मीटर की प्रणाली को बहाल किया जाए।

## लैंड फॉर जॉब मामले में लालू-तेजस्वी को समन

### राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा- तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इंकार नहीं, इन्हें भी तलब किया

**एजेंसी, पटना।**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को कोर्ट ने समन भेजा है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी तलब किया गया है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी कर दिया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह के साथ-साथ उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी तलब किया गया है। उन्हें कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है। जानकारी है कि तेजप्रताप यादव का नाम पहली बार केस में इस तरह से आया है। कोर्ट ने 7 अक्टूबर को एपियर होने को कहा है। बता दें कि ED ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से चार लोगों की मौत हो चुकी है।

**अमित कात्याल को दिल्ली हाई कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी हैः** लैंड फॉर जॉब मामले में राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल को दिल्ली हाई कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी



है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि आरोपी लगातार जांच में शामिल हो रहा है और किसी भी स्तर पर पूछताछ के लिए जारी समन से बचने की कोशिश नहीं की है। अदालत ने कहा कि तथ्यों को देखते हुए आरोपियों के भागने की आशंका नहीं है, आरोपी 10 नवंबर 2023 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में ट्रायल को पूरा होने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में आरोपियों को जेल में रखने से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा।

## कन्हौली बस अड्डे पर संकटः अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों का चक्का जाम

**एजेंसी, पटना।**

पटना के कन्हौली गांव में बनने जा रहे हैं अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा के निर्माण में अब ग्रहण लगता दिख रहा है। कन्हौली के ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जमीन अधिग्रहण के खिलाफ चक्का जाम, विरोध मार्च और एक आम बैठक भी की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि जान दे देंगे लेकिन जमीन और घर सरकार को नहीं देंगे। वहीं बिहटा में एयरपोर्ट का भी निर्माण किया जा रहा है, लेकिन यहां एयरपोर्ट का सपना अधर में लटकता हुआ दिखाई दे रहा है। जिस जमीन पर एयरपोर्ट का निर्माण किया जाना है, वह शरावती शाह की मजार है। गांव के लोगों की इससे आस्था जुड़ी हुई है।ऐसे में सर्फुद्दीनपुर गांव के लोग अब विरोध कर रहे हैं। दरअसल, पटना से सटे बिहटा प्रखंड के कन्हौली गांव में लगभग 100 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय बस अड्डे का निर्माण होना है। इसको लेकर जमीन अधिग्रहण का काम सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। वहीं अब कन्हौली गांव के ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसका विरोध भी शुरू कर दिया है।

**आने वाले समय में बड़ा आंदोलन होगाः** कन्हौली के सदीसोपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि गांव में सभी आम किसान हैं। अपने परिवार के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। अनिल ने बताया कि पहले 25 एकड़ जमीन अधिग्रहण की बात सामने आई थी। इसमें कन्हौली और पैनाठी मौजा शामिल था। बाद में 50 एकड़ जमीन अधिग्रहण की बात सामने आई। इसमें भी कन्हौली मौजा में 13 एकड़, जबकि पैनाठी मौजा में 37 एकड़ जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव हुआ था। वहीं अब पटना जिलाधिकारी के द्वारा जानकारी मिली है कि 100 एकड़ जमीन अधिग्रहण होना है, जिसमें कन्हौली मौजा का सबसे ज्यादा जमीन शामिल है। हमारे गांव में 300 से ज्यादा घर हैं आबादी 5 हजार से ज्यादा है। अधिग्रहण हुआ तो



हमलोग सड़क पर आ जाएंगे। इसलिए सरकार से हमारी मांग है कि कन्हौली के अलावा पैनाठी मौजा में या दोनों मौजा में जमीन लें, ताकि हम सभी लोगों का घर बच सके। वहीं अगर ऐसा नहीं किया गया, तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन होगा। हम जान दे देंगे, लेकिन जमीन और घर सरकार को नहीं देंगे।

### विरोध मार्च और बैठक, कहा- बड़ा आंदोलन होगा

**सरकार पहले सोचे, तब जमीन अधिग्रहण करेः** सदीसोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा पहले 13 एकड़ जमीन कन्हौली मौजा में अधिग्रहण का प्रस्ताव दिया गया था। वहीं अब लगभग 100 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने वाली है। ऐसे में किसान कहां जाए। पहले भी सरकार के द्वारा जमीन अधिग्रहण किया जा चुका है। यहां किसान और मजदूर वर्ग के लोग घर बनाकर रहते हैं। अब घर भी चला जाएगा तो क्या करेंगे। इसलिए सरकार से हमारी मांग है कि इन सभी मुद्दों पर सरकार पहले सोचे, तब जमीन अधिग्रहण करे। वहीं राजद के प्रखंड अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि कन्हौली गांव के ग्रामीणों की जो भी मांग है, इस पर हमारी पार्टी का समर्थन है। इसके लिए जहां भी आंदोलन करना हो वहां हम सभी आंदोलन करेंगे। स्थानीय राजद सांसद से भी इस मुद्दे को लेकर बात किया जाएगा। अधिग्रहण से गांव के लोगों को काफी नुकसान है।

**पटना DM ने किया था निरीक्षणः** 2 सप्ताह पहले पटना DM डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने खुद कन्हौली बस और दानापुर बिहटा एलिवेटेड रोड के निर्माण को लेकर निरीक्षण किया था। उस वक्त DM ने बताया था कि कन्हौली गांव में बनने वाले बस अड्डे में लगभग 100 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। हालांकि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि अधिग्रहण में कम से कम कन्हौली गांव के घरों को लिया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

# विकास के मुद्दो पर बीडीसी की बैठक में चर्चा

**बैठक से पंचायत समिति की इस बैठक से मीडिया को दूर रखा गया**

**चा० भूमि मझौलिया।** बुधवार को प्रखण्ड सभागार में प्रखंड प्रमुख सुक्ता मुखी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रखंड में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की गई। आवास योजना राशन कबीर अंत्योष्टि मनरेगा शिक्षा स्वास्थ्य विधुत आंगनबाड़ी जैसे मुद्दों पर जमकर बहस हुई। प्रखंड प्रमुख सुक्ता मुखी ने प्रखंड में हो रहे विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता के साथ तेजी लाने का निर्देश दिया। सदन की बैठक में कई प्रमुख विभागों के अधिकारी नदारद रहे। वही पंचायत समिति की इस बैठक से मीडिया को दूर रखा गया। मौके पर उपप्रमुख नरेश कुमार यादव,अरविन्द कुमार, राजकुमार चौधरी, संजय सिंह, रमप्रभा देवी, मलय विश्वास, दिलीप सहनी, बिनोद सहनी, संतोष यादव, रोबिना खातून, रिंकी सिंह,आलोक कुमार मांझी, मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिलाल यादव, सत्य प्रकाश निर्मला तिवारी,आशीष भट्ट,साजदा तबस्सुम,सौदागर साह, कमलपति देवी, द्रोपदी देवी,मनरेगा पदाधिकारी नीरज कुमार पाण्डेय, पशु चिकित्सक डॉ रजनीश कुमार, सीडीपीओ पूनम कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष संतोष कुमार और अन्य के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज

**चा० भूमि बेतिया।** बानुछापर निवासी तुलसी यादव ने मुख्य दंडाधिकारी के न्यायालय में बानुछापर के थानाध्यक्ष संतोष कुमार, जमादार दीप नारायण प्रसाद, चौकीदार प्रकाश यादव व संजय साह के खिलाफ परिवाद दायर किया है। दायर परिवाद में आरोप लगाया गया है कि वह अपने घराड़ी पर घर की मरम्मती करा रहा थे। उसी समय संजय साह के बुलाने पर पहुँचे थानाध्यक्ष ने सरकारी रिवाल्वर निकालकर गोली मारने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की व जान मारने की धमकी भी दी। अपने आवेदन में परिवादी को डर है कि आरोपी उसको व उसके परिवार के लोगों के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने की जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक

**चा० भूमि मोतिहारी।** कृषि भवन छतौनी के सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि डीजल अनुदान योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों का शत्-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाय। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई तथा नये आवेदनों का सत्यापन अविलंब सुनिश्चित किया जाय। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ई केवाईसी एवं एनपीसीआई के लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु 20.09.2024 तक सभी प्रखंड/पंचायत में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि योजना से आच्छादित किसानों की सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि संबंधित का क्षेत्र भ्रमण किया जा सके। पशुपालन विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पशुओं का टीकारण एवं नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान के कार्य में तेजी लायें। मत्स्य विभाग के समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सात निश्चय पार्ट-2 के तहत मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास पूरक योजना से संबंधित किसानों का आवेदन को स्वीकृत करते हुए कार्यादेश निर्गत करें। अंत में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना (एस एम ए एम) अंतर्गत दो एफपीओ एवं एक एफआईजी को कृषि यंत्र बैंक (एफ एम बी ) की स्थापना हेतु उक्त समूह को जिलाधिकारी द्वारा ट्रैक्टर का चाभी एवं अन्य यंत्र प्रदान किया गया। विदित हो कि दिनांक 19.09.2024 को कृषि यांत्रिकरण योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृति पत्र निर्गत हेतु द्वितीय लॉटरी का आयोजन किया गया है। निर्गत स्वीकृति के माध्यम से वैधता अनुसार संबंधित कृषक निबंधित प्रतिष्ठान से यंत्र का क्रय कर सकते हैं। वही इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक 'कृषि अभियंत्रण', सहायक निदेशक 'उद्यान', सहायक निदेशक 'पौधा संरक्षण', सहायक निदेशक 'रसायन', सहायक निदेशक 'बीज विश्लेषण, सहायक निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र एवं सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी तथा संबंधित समूह के बीओडी के सदस्य मौजूद थे।

# नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन



**चा० भूमि वाल्मीकिनगर** । भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में भाद्रपद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 134 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का श्री गणेश भूकंप वेधशाला के मौसम वैज्ञानिक सुधांशु कुमार, निर्माता एचेल थारू, मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, थरुहट की शिक्षिका गीता कुमारी, अहिल्या कुमारी, केदार महतो, जनी फाउंडेशन की अध्यक्षा लक्ष्मी खत्री, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, निर्माता अरविंद अकेला, वैज्ञानिक सहायक राहुल कुमार, आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी एवं सीताराम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि मौसम वैज्ञानिक सुधांशु कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग खतरे की घंटी बजा रही है, हमें ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना चाहिए। आज मुझे भी अतिथियों को पौधा वितरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। निर्माता एचेल थारू ने कहा कि इस कार्यक्रम में भारत नेपाल से आए अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित करने का उद्देश्य पौधा रोपण का महत्व लोगों तक पहुंचाना है। समाजसेवी संगीत आनन्द ने कहा कि आज हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। हमें प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। केदार महतो ने कहा कि संस्था द्वारा प्राप्त औषधीय गुणों वाले पौधा को हम अपने दरवाजे पर लगाएंगे और इसे एक बड़ा वृक्ष बनाएंगे। स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता एवम् धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज के सौजन्य से महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। विजय कुमार गुप्ता के सौजन्य से प्राप्त अंग वस्त्रम द्वारा अतिथि गण सम्मानित किए गए । गीता कुमारी ने कई मनभावन भजनों को प्रस्तुत किया। वैज्ञानिक सहायक राहुल कुमार ने स्थानीय भूकंप वेधशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौसम वैज्ञानिक सुधांशु कुमार को स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं नारी सशक्तिकरण की दिशा में बेहतरीन कार्य करने हेतु लक्ष्मी खत्री को भी नारायणी गंडकी सम्मान से सम्मानित किया गया। संचालन समाज सेविका लक्ष्मी खत्री ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन निर्माता एचेल थारू ने किया। इस मौके पर भारत कुमार, चुन्नू ठाकुर, छोटू कुमार, गायक राजा कुमार, रेखा देवी, झुन्ना कुमार ,पूजा कुमारी, हिरिमती देवी, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, धमाका फिल्मस के सुनील कुमार, अरविंद अकेला , की भूमिका सराहनीय रही। कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की गई। आचार्य पंडित अनिरूद्ध दूबे ने शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम को विराम दिया।

# विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

**चाणक्य भूमि दरभंगा**

पूरे भारतवर्ष में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् आज ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के महात्मा गांधी सदन में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, दरभंगा के द्वारा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता तथा कार्यक्रम समन्वयक के नेतृत्व में गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यक्रम तथा स्वच्छता जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम समन्वयक, विभिन्न कॉलेजों के कार्यक्रम पदाधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवकों, माय भारत के कार्यकर्ता, नगर निगम कर्मी आदि ने सक्रियता पूर्वक भाग लिया।



एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. आरएन. चौरसिया के नेतृत्व में एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुबोध चन्द्र यादव एवं डॉ. कुमार नरेन्द्र नीरज, के. एस. कॉलेज, दरभंगा के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. शंभू प्रसाद, सुबोध कुमार के साथ ही स्वयंसेवक- रामनारायण पंडित तथा आस्था प्रिया आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डीडीसी चित्रगुप्त कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान में आम लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया जा सके।

वहीं अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास में भी स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया, जबकि एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरएन. चौरसिया ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है, क्योंकि स्वच्छता के नियमों का पालन करके ही हम पूर्णतया स्वस्थ रह सकते हैं। महात्मा गांधी स्वच्छता के प्रति मूर्ति थे, जिनसे हम अपने जीवन में स्वच्छता की प्रेरणा ले सकते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दरभंगा जिला सहित सभी चार जिलों में स्थापित एनएसएस इकाइयों द्वारा आगामी 2 अक्टूबर तक कॉलेज परिसर में गोद लिए गांव तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# सशस्त्र सीमा बल ने स्वच्छता के प्रति किया शपथ ग्रहण

**चा० भूमि जयनगर**

मधुबनी जिले के जयनगर में अवस्थित 48वीं वाहिनी मुख्यालय में आज और साथ ही सभी सीमा चौकियों में "स्वच्छता ही सेवा" थीम के अंतर्गत "स्वच्छता शपथ" का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारियों, जवानों और अन्य कर्मियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए शपथ ली। बता दें कि स्वच्छता शपथ का मुख्य उद्देश्य देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देना बताया गया है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने आस- पास में स्वच्छता बनाए रखेंगे और कहीं भी गंदगी नहीं फैलाएंगे और प्लास्टिक का उपयोग भी कम करेंगे।

कमांडेंट गोविंद सिंह भण्डारी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत




जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयास से ही सफल भी हो सकती है। आगे उन्होंने बताया कि यह शपथ केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि इसे रोजमर्रा की दिनचर्या में अपनाना अति आवश्यक है। बताते चलें कि सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल वाहिनी के द्वारा आगे भी विभिन्न स्वच्छता अभियान का आयोजन किए जाएंगे तथा सीमा चौकियों और उसके आस- पास के गांवों में साफ- सफाई अभियान तथा प्लास्टिक कचरे का निपटान और वृक्षारोपण जैसे कार्य हमेशा किए हैं और आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम किए जाएंगे।

# लकड़ी माफियाओं के ख़िलाफ़ एनजीटी में हुई सुनवाई

**चा० भूमि शेखपुरा**

चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद द्वारा टाटी नदी व सरकारी सड़क किनारे लगे पेड़ को अवैध रूप से काटने को लेकर एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए-108/23 की सुनवाई बुधवार को पीठ के जुडिशियल मेंबर जस्टिस बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरुण कुमार वर्मा ने सुनवाई के दौरान शेखपुरा के जिलाधिकारी की तरफ़ से सरकारी अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का और अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया जिसे कोर्ट ने मंजुर कर लिया। बताते चले की बीते सुनवाई के दौरान एनजीटी ने जिला पदाधिकारी को आदेश दिया था कि चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर बताएं कि कुल कितने पेड़ किस किस प्रजाति का किसके आदेश से काटे गए जबकि इस मामले में शेखपुरा जिलें के एसपी व जमुई जिलें के डीएफओ ने एनजीटी में हलफनामा



**» टाटी नदी व सरकारी सड़क किनारे लगे पेड़ की अवैध कटाई मामले मे जिलाधिकारी ने मांगा दो सप्ताह का समय**

दाखिल कर दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अरशद नसर कोलकाता हाईकोर्ट के विद्वान अधिवक्ता पौशाली बनर्जी के साथ उपस्थित थे।अब इस मामले की सुनवाई 28 नंवबर को होगी।

# साम्प्रदायिकता के खिलाफ दलों को एकजुट करने में जुटे रहें येचुरी-मनोज

**चा० भूमि मधुबनी**

आज भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बिस्फी अंचल कमिटी के खंगरैठा+2 विद्यालय परिसर में सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी का शोक श्रद्धांजलि, तैल चित्र पर नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किए। वहीं, सभा की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष जयराम यादव ने किया जब कि संचालन जीतेन्द्र मोहन ने किया, इस सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि कॉमरेड सीताराम येचुरी साम्प्रदायिकता के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष दलों को एकजुट करने में माहिर थे, उन्होंने अपने राजनीति में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय रहे और सर्वश्रेष्ठ सांसद भी रहे। कॉमरेड येचुरी मार्क्सवादी चिंतक के साथ साहित्यकार, लेखक, रचनाकार सभी भाषाओं के ज्ञाता, निपुण वक्ता, सरल स्वभाव के हंसमुख व्यक्ति रहे, छात्र राजनीति



से राजनीति की पाली शुरू करने वाले जेएनयू छात्र संघ के लगातार तीन बार अध्यक्ष भी रहे, फिर सेन्ट्रल कमेटी से पोलिट ब्यूरो के मेंबर के साथ सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव बने रहे तथा वह अंतरराष्ट्रीय नेता के रूप में अपने को स्थापित हुए। वह कई देशों में राजनीतिक सर्वश्रेष्ठ मंच और सेमिनार में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित भी किए, सीताराम येचुरी अर्थशास्त्र के बहुत बड़े विद्वान थे, उन्होंने मनमोहन सिंह के सरकार में आम लोगों के हित में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत् कई कानून लागू करवाने का कार्य किए, हम लोग उनके दिखाए रास्ते पर चलकर उनके सपने को आगे बढ़ाने का काम करते रहेंगे।

युवा राजद के प्रदेश महासचिव मो. आसीफ ने कहा उनके जैसा होना दुर्लभ है, येचुरी महान नेता रहे, उनके निधन से राष्ट्र को अपूर्णीय क्षति हुई है, जो भरपाई नहीं किया जा सकता, वह काफी विद्वान के साथ उतने ही मिलनसार थें, सर्वहारा वर्ग को बहुत नुकसान हुआ किसान मजदूरों के मसीहा थे। इस सभा को प्रोफेसर हरी प्रसाद साहू, राजद प्रखंड अध्यक्ष जयराम यादव, राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत नाथ यादव, किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष श्याम लाल यादव, डा.रामवतार यादव, महिला प्रखंड अध्यक्ष रुची कुमार, मो. कामील, जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत यादव, अरुण गिरी, सीपीआइ के अंचल मंत्री महेश यादव, सीपीएम के बाबूलाल महतो, अंचल मंत्री बिंदु यादव, ललित कुशवाहा, वसी अहमद, हलखोरी महतो, महेश सहनी, अरुण यादव, अखिलेश पंजियार, रनवीर यादव, लालू प्रसाद यादव, दिलीप यादव एवं अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# स्वछता ही सेवा है कार्यक्रम का भीतिहारवा गाँधी आश्रम मे आयोजन

**चा० भूमि गौनाहा**

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है जिसका थीम- "स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता" है स्वच्छ भारत मिशन की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में आज जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस अवसर पर जिला अधिकारी श्री दिनेश कुमार राय सहित अन्य अधिकारियों ने भितिहरवा गाँधी आश्रम अवस्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही श्रमदान करते हुए महात्मा गांधी आश्रम परिसर की साफ- सफाई की गई. तदुपरांत जन जागरूकता हेतु गांधी आश्रम से पदयात्रा निकला गया जो विभिन्न चौक चौराहा है होते हुए थीम पार्क पर आकर समाप्त हुआ। इस पदयात्रा में हजारों की संख्या में अधिकारी, स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं आदि शामिल हुए। भितिहरवा गांधी आश्रम के समीप गांधी थीम पार्क के कन्वेंशन हॉल में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गृह निर्माण कार्य पूरा कर कर चुके 15 लाभुको के बीच गृह प्रवेश हेतु चाबी वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चयनित 18 लाभुको के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण, जीविका दीदी स्वच्छता चैंपियन संवाद, स्वच्छता नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत, कला जत्था की प्रस्तुति, आदि शामिल हैं। वही इस कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, माननीय विधायक राम सिंह, उमाकांत सिंह, भागीरथी देवी, जिला अधिकारी दिनेश कुमार राय उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ,सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथि गण वृक्ष गमला आदि से स्वागत के पश्चात स्वागत गान एवं बिहार गीत से भव्य आगाज हुआ इस क्रम में संस्कृति कार्यक्रम के तहत स्वागत नृत्य, स्वच्छता नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत, स्वच्छता के क्षेत्र में उपलब्धि का प्रस्तुतीकरण, गांधी भजन एवं स्वच्छता गीत कला जत्था के कलाकारों द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर श्री सतीश चंद्र दुबे ने लाभुको को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुको को घर बनवाने के लिए स्वीकृति पत्र दिया जा रहा है । इसके साथ ही जिन लाभुको के द्वारा गृह निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उन्हें घर की चाबी प्रदान की जा रही है उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज भितिहरवा आश्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं सभी का सभी ग्रामीणों की स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। अन्य माननीय विधायक एवं माननीय जनप्रतिनिधि गणों द्वारा भी इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में जिला अधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कदम जिन-जिन स्थानों पर पड़े वह धन्य हो गए किंतु कुछ जगह ऐसे भी है जिसका नाम लेने से कई यादें सामने आ जाती है उन्हीं में से एक है भितिहरवा आश्रम महात्मा गांधी ने ना सिर्फ चंपारण के इस जगह पर निवास करते हुए स्वतंत्रता का संग्राम का बिगुल फूंका था। बल्कि रोजगारपरक शिक्षा के लिए देश में पहले बुनियादी विधालय की स्थापना भी चम्पारण में ही की थी। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा, जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छता आजादी से भी अधिक महत्वपूर्ण है उनका सपना सभी लिए संपूर्ण स्वच्छता था स्वच्छ भारत की अवधारणा का आधार स्वच्छता सुविधाओं जैसे कि स्वच्छ शौचालय ठोस और तरल अपशिष्ट निपटान प्रणाली गांव की साफ- सफाई तथा सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति को हर व्यक्ति तक पहुँचाना है। उनका मानना था कि जब देश और देश की नागरिक स्वस्थ रहेंगे तभी आजादी आसानी से पाई जा सकती है उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता से संबंधित संदेश की महक आज भी इस प्रांगण में आती है भितिहरवा गांधी आश्रम के प्रांगण में आयोजित किस कार्यक्रम में शामिल होकर मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब भी कम रोमांचित नहीं होंगे। वही इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे। उप आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, निदेशक डीआरडीए, अरुण प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, प्रशिक्षु सहायक निदेशक सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर अजय कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, बेबी कुमारी, एस प्रतीक सहित अन्य स्थानिक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# अवैध बालू बिक्री के खिलाफ भाकपा माले ने जताया विरोध

**चाणक्य भूमि मझौलिया**

मझौलिया।प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू की बिक्री बदस्तूर जारी है। प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक टेलर पर लदा बालू की होती है खरीद बिक्री।

हाई स्कूल चौक से नानोसती पथ में आईटीआई के पास मैनाटांड के इनारवा आदि पहाडी नदियों से अवैध खनन कर एक दर्जन से अधिक टेलर पर लदे प्रतिबंधित बालू की बिक्री धडल्ले से जारी है।

बताया गया है कि इस अवैध बालू खनन के कारोबार में सफेदपोश शामिल है जो संध्या होते ही इन नदियों से बालू के अवैध खनन कर सुबह होते ही इस मार्ग के फुलवारी में बालू लदे टेलर को खड़ा कर देते है।गौरतलब हो कि इस मार्ग से प्रखंड ,अंचल से लेकर सभी अधिकारियों का आना जाना होता है परंतु यह खेल थम नहीं रहा है।

भाकपा माले नेता डांक्टर अनवारुल हक ने बताया कि यह धंधा पिछले कुछ महीनों से और अधिक बढ़



**» खनन और पुलिस के मिलीभगत के बिना संभव नहीं है बालू का अवैध व्यापार अधिकाशं ट्रेक्टर और ट्रॉली बिना वैध कागजातों के चलाये जा रहे है**

गया है। उन्होने कहा कि इससे स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस व प्रशासन कहीं न कहीं इसमें शामिल हैं। बहरहाल अवैध खनन कर बालू लेकर आने वाले गाडी चालकों में पुलिस और प्रशासन का तनिक भी भय नहीं दिख रहा है। जबकि सरकार द्वारा इसको पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।माले नेता ने बताया कि इस मामले कि जांच कर जिला प्रशासन कार्रवाई करें।अन्यथा पार्टी प्रशासन के खिलाफ आन्दोलन पर बाध्य होगी।

# विसर्जन के साथ मझौलिया में विश्वकर्मा पूजा सम्पन्न



**चा० भूमि मझौलिया**

बुधवार के दिन बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन के साथ प्रखंड क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा सपन्न हुआ।सभी कारखाने एवं शिल्पकार लोगों ने धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया।मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज

**» चीनी मिल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

समेत जीप स्टैंड में पूजनोत्सव की धूम रही।शुगर इंडस्ट्रीज में जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुंए ने पूरे मनोयोग से पूरे टीम के साथ पूजा अर्चना की।जिसमे संहि अधिख़री व श्रमिक शामिल रहे।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पूजनोत्सव को सफल बनाने में राकेश सिंह सिंह, महेश शर्मा, श्यामकिशोर आदि की उल्लेखनोय भूमिका रही।

# गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए की कोहली की सराहना

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक खिलाड़ी और एक कप्तान के रूप में टेस्ट क्रिकेट के प्रति विराट कोहली की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कोहली के साथ बातचीत के दौरान कहा, "जब मैं आगे बढ़ रहा था, खासकर ऐसे समय में जब टी20 प्रारूप और आईपीएल मौजूद नहीं थे, प्रथम श्रेणी क्रिकेट ही मेरा अंतिम लक्ष्य था। हम टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए तत्पर थे। सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना रोमांचक था, लेकिन हम हमेशा मानते थे कि हमें लाल गेंद वाले क्रिकेट में हमारे प्रदर्शन के आधार पर आंका जाएगा। खेल में आप जो विरासत छोड़ते हैं, वह इस बात से गहराई से जुड़ी होती है कि आप टेस्ट क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आपने यह बताकर बहुत बड़ी भूमिका निभाई कि टेस्ट क्रिकेट आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है।" कोहली ने 2022 में भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी थी, उससे एक दिन पहले ही उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से टेस्ट सीरीज गंवा दी थी। 2015 की शुरुआत में जब एमएस धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में अपने संन्यास की घोषणा की, तब कोहली ने पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभाला और भारत के अब तक के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन गए।

टेस्ट कप्तान के रूप में कोहली का कार्यकाल काफी हद तक सफल रहा, क्योंकि उन्होंने टीम को आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंचाया और कई यादगार विदेशी जीत हासिल की। 2021 में, उन्होंने साउथेम्प्टन में उद्घाटन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का नेतृत्व किया। कोहली ने टेस्ट कप्तान के तौर पर अपने समय को याद करते हुए कहा, "जब मुझे कप्तान की भूमिका निभाने का मौका मिला, तो पुरानी टीम से नई टीम में जाने की चुनौती रोमांचक थी। मुझे याद है कि मैं सिर्फ़ 25 साल का था और ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व कर रहा था जो बीस की उम्र के आसपास के थे। मेरा ध्यान इस बात पर था कि कैसे एक ऐसी टीम बनाई जाए जो हमारे से पहले की पीढ़ी की तरह ही हर जगह मशहूर हो सके।" उन्होंने कहा, "मुझे पता था कि यह संयोग से नहीं हो सकता - इसके लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की ज़रूरत थी। मैंने सोचना शुरू किया कि सात साल में भारतीय क्रिकेट को कहाँ पहुँचना चाहिए और उसी से समाधान निकलकर आया। हमें तेज़ गेंदबाज़ों और बल्लेबाज़ों के एक मज़बूत समूह की ज़रूरत थी जो पारी को संभाल सकें और ज़िम्मेदारी पाँच प्रमुख बल्लेबाज़ों और एक विकेटकीपर के बीच बाँटी जानी थी जो लगातार हमें 350-400 रन दिला सके। हम कुशनिंग के लिए सातवें बल्लेबाज़ पर निर्भर नहीं रह सकते थे। ये सभी विचार एक साथ आए और मैंने उन्हें टीम को उसी हिसाब से बताया।"

## कभी उम्मीद नहीं थी कि ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 वनडे मैच खेल सकूंगा : एडम जम्पा

एजेंसी, नई दिल्ली




इंग्लैंड के खिलाफ 19 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच एडम जम्पा के लिए 50 ओवर के प्रारूप में 100वां मैच भी होगा। इस मील के पत्थर तक पहुँचने के कगार पर खड़े जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेलने की उम्मीद नहीं की थी।

जम्पा 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएँगे। वह शेन वॉर्न और ब्रैग हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएँगे। जम्पा की पत्नी हैरियट, बेटा यूजीन और माता-पिता डैरेन और एलिसन लेग स्पिनर को यह उपलब्धि हासिल करते देखने के लिए ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से बातचीत में जम्पा ने कहा, "मुझे 100 वनडे खेलने पर गर्व है, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना खेल पाऊंगा। जब आप देखते हैं कि आजकल लोग वनडे क्रिकेट में कितने मैच खेलते हैं, तो बहुत कम लोग 100 तक पहुंच पाते हैं, खासकर अतीत के लोगों की तुलना में; 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में निश्चित रूप से बहुत ज़्यादा वनडे क्रिकेट खेला जाता था और कोई टी20 नहीं होता था। मैं कुल मिलाकर 200 अंतरराष्ट्रीय मैच (191) खेलने के करीब पहुंच रहा हूं, इसलिए मुझे कभी नहीं लगा था कि मैं इतना खेल पाऊंगा।" 99 वनडे मैचों में जम्पा ने 28.05 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 169 विकेट लिए हैं। हालांकि जम्पा 2021 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रमशः टी20 विश्व कप और एकदिवसीय विश्व कप विजेता रहे हैं, उन्होंने कहा कि अधिक विश्व कप जीतने की चाह अभी भी उनके अंदर जल रही है, खासकर 2026 पुरुष टी20 विश्व कप को देखते हुए जो भारत और श्रीलंका में हो रहा है। उन्होंने कहा, "अपने देश के लिए खेलना और जीतना, फ्रैंचाइज़ क्रिकेट खेलने और फ्रैंचाइज़ क्रिकेट जीतने से कहीं बेहतर है।

## आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित, निगार सुल्ताना होंगी कप्तान

एजेंसी, ढाका



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आगामी महिला टी 20 विश्व कप के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना जोटी के नेतृत्व में अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। महिला टी-20 विश्व कप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाला है। आगामी वैश्विक आयोजन के लिए बांग्लादेश की टीम में जुलाई में महिला एशिया कप के लिए उतारी गई टीम से कुछ बदलाव किए गए हैं। लेग स्पिनर फहीमा खातून और बल्लेबाज सोभना मोस्टरी की टीम में वापसी हुई है, जबकि शीर्ष क्रम की अनकैप्ड बल्लेबाज ताज नेहर, सलामी बल्लेबाज शाति रानी और ऑलराउंडर दिशा बिस्वास को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। बांग्लादेश की टीम में ऑलराउंडर रूमाना अहमद, बाएं हाथ की बल्लेबाज रुबिया हैदर झेलिक, ऑलराउंडर शोरिफा खातून, सलामी बल्लेबाज इश्मा तनजीम और बाएं हाथ की स्पिनर सबिकुन नाहर जेस्मिन को शामिल नहीं किया गया है। निगार, फहीमा, राबेया खान, शोरना अख्तर, दिलारा अख्तर, जहांआरा आलम और मारुफा अख्तर सहित बांग्लादेश की कुछ खिलाड़ी 'ए' टीम के दौरे के तहत श्रीलंका में हैं। 2024 महिला टी20 विश्व कप को 20 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश से यूएई में स्थानांतरित कर दिया था, क्योंकि एशियाई देश में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा संबंधी चिंताएं थीं। टूर्नामेंट के नौवें संस्करण के लिए बांग्लादेश को 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरू करेंगे, उसके बाद 5 अक्टूबर को इंग्लैंड का सामना करेंगे। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्रमशः 17 और 18 अक्टूबर को दुबई और शारजाह में सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, उसके बाद 20 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन आवंटित किया गया है।

## गंभीर, कोहली ने क्रिकेट करियर और पिछली प्रतिद्वंद्विता पर खुलकर की चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला से पहले क्रिकेट की दो सबसे मजबूत हस्तियों, विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच एक विशेष साक्षात्कार का आयोजन किया। बुधवार को जारी इस साक्षात्कार में कोहली और गंभीर ने अपने अतीत, अपने गहन आईपीएल मुकाबलों और मीडिया और प्रशंसकों द्वारा उनके चारों ओर बनाए गए सर्कल से आगे बढ़ने पर चर्चा की। दोनों खेल दिग्गजों के बीच यह बातचीत बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले हुई है। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए टीज़र में कोहली ने गंभीर के साथ लंबे समय से चले आ रहे तनाव को लेकर बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा, "तो हम यहां हैं। हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और सभी मसाला खत्म कर रहे हैं।" गंभीर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "यह बातचीत की अच्छी शुरुआत है," और दोनों खिलाड़ी एक साथ हंस पड़े। साक्षात्कार के दौरान, गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया में कोहली के शानदार प्रदर्शन को याद किया, जहां कोहली की बल्लेबाजी शानदार थी, जिससे उन्हें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया। बदले में, कोहली ने गंभीर से पूछा कि वह मैदान पर हंसी-मजाक के बीच 'ज़ोन' में कैसे बने रहने में कामयाब रहे, एक सवाल जिसके कारण खेलों में मानसिक लचीलेपन पर एक व्यावहारिक चर्चा हुई। गौतम गंभीर ने हास्य के स्पर्श के साथ, सवाल को वापस कोहली की ओर टाल दिया, उन्होंने कोहली के मैदान पर कई विवादों पर बात की और सुझाव दिया कि कोहली इस बात का जवाब देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं कि बाहरी बातचीत किसी खिलाड़ी के फोकस को कैसे प्रभावित करती है। कोहली और गंभीर का एक समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने 2011 में भारत की एकदिवसीय विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टूर्नामेंट के दौरान, गंभीर ने अपने प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी युवा विराट कोहली को सौंपी, जो दो अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्रिकेटरों के बीच एक बंधन की शुरुआत थी। हालाँकि, उनके ऑन-फील्ड रिश्ते हमेशा सहज नहीं रहे हैं।

# व्यापार

## श्राद्ध की शुरुआत होते ही सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में भी आई गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली



श्राद्ध की शुरुआत होते ही घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,030 रुपये से लेकर 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 68,790 रुपये से लेकर 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। कीमत गिरने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरुआती घंटे में शेयर बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव, सीमित दायरे में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी, नई दिल्ली




घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती घंटे में सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकवरी करके कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचे, लेकिन इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। पहले एक घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर 2.58 प्रतिशत से लेकर 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, विप्रो, इन्फोसिस, टीसीएस और एलटी माइंडट्री के शेयर 3.12 प्रतिशत से लेकर 2.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,329 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,125 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,204 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 42.53 अंक की कमजोरी के साथ 83,037.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में 83,155.69 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 11.92 अंक की मजबूती के साथ 83,091.58 अंक के स्तर पर कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 16.15 अंक की गिरावट के साथ 25,402.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक हरे निशान में 25,443.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 1.80 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 25,420.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 90.88 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,079.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 34.80 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,418.55 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' किया नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली




ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त करने का ऐलान किया है। कुमार मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी की जगह लेंगे। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

कंपनी ने बुधवार को शीर्ष नेतृत्व में बदलाव की जानकारी देते हुए कहा है कि समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त किया गया है। अमेजन ने कहा कि भारत के मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी के इस्तीफे के बाद कंपनी ने यह फैसला लिया है। कुमार इस बदलाव पर मनीष तिवारी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अमेजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने एक आंतरिक ई-मेल में कहा कि 25 साल का अनुभव रखने वाले समीर कुमार अब कंपनी के भारत उपभोक्ता व्यवसाय की देख-रेख करेंगे, क्योंकि अमेजन इंडिया के वर्तमान 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी ने अमेजन के बाहर अवसर तलाशने का फैसला किया है। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी अपनी जिम्मेदारियों को संभालेंगे। कुमार 1999 में अमेजन में शामिल हुए थे। वह उस प्रमुख दल का हिस्सा हैं, जिसने 2013 में अमेजन डॉट इन Amazon.in की योजना बनाई और उसे पेश किया।

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाकर शून्य किया, नई दरें लागू

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को घटाकर शून्य कर दिया है। इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को शून्य पर बरकरार रखा है। नई दरें बुधवार से प्रभावी हो गई है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक घरेल कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 1,850 रुपये प्रति टन से शून्य कर दिया गया है। इसके साथ ही पेट्रोल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को शून्य पर बरकरार रखा गया है। इससे पहले 31 अगस्त को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 2,100 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन किया गया था। उल्लेखनीय है कि दो हफ्ते में औसत तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े विंडफॉल टैक्स को अधिसूचित किया जाता है। देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। इसके साथ भारत उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों को अप्रत्याशित रूप से होने वाले लाभ पर कर लगाते हैं।

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का गुरुवार से नई दिल्ली में शुरू होगा चार दिवसीय मेगा इवेंट

एजेंसी, नई दिल्ली




देश की राजधानी नई दिल्ली में चार दिवसीय मेगा फ़ूड इवेंट 'वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024' गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट का आयोजन 19 से 22 सितंबर, 2024 तक भारत मंडपम में किया जा रहा है। इस आयोजन में नीति निर्माताओं, नियामकों, वैश्विक निवेशकों, व्यवसाय नेताओं, और खाद्य कंपनियों के प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बतया कि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे तथा भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की पहलों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन एक उच्च स्तरीय मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) का गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और चिराग पासवान करेंगे। रवनीत सिंह बिट्टू भी सीईओ गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय के मुताबिक चिराग पासवान और रवनीत सिंह बिट्टू उद्योग जगत के नेताओं के साथ आमने-सामने चर्चा करेंगे तथा विदेशी देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय जी2जी बैठकें करेंगे। बयान के मुताबिक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत मंडपम में 'वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024' की मेजबानी करने जा रहा है, जो 70 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र को कवर करेगा।

# पुलिस केंद्र बगहा का डीआईजी, डीएम और एसपी ने किया भूमि पूजन

चा० भूमि बगहा



» 46 करोड़ की लागत16.25 एकड़ जमीन पर भवन में वॉच टॉवर आदि का होगा निर्माण। साथ ही 300 पुरुष और महिला क्षमता का बनेगा बैरेक

बगहा में मंगलवार को पुलिस उप-महानिरीक्षक बेतिया जिला पदाधिकारी बेतिया, पुलिस अधीक्षक, सुशांत कुमार सरोज, गौरव कुमार तथा अन्य पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा पुलिस केंद्र बगहा में पुलिस भवन निर्माण हेतु विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य शुभारंभ किया गया।

एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि 46 करोड़ की लागत से पुलिस भवन का निर्माण होगा। जिसके लिए भूमि पूजन और कार्य का शिलान्यास शुरू हो गया है। वही इस भवन का निर्माण बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्य का संवेदक गौतम कंस्ट्रक्शन द्वारा होगा। इस पुलिस भवन निर्माण के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रेम सागर,कनीय अभियंता जय प्रकाश ने बताया कि पुलिस भवन का निर्माण कुल 16.25 एकड़ जमीन पर कराया जा रहा है। इस पुलिस भवन में कुल 19 भवनों का निर्माण होगा। जिसमें 300 पुरुष और महिला बैरक का भी निर्माण होगा। एसपी श्री सरोज ने बताया कि पुलिस भवन निर्माण का कार्य 17 महीना में संवेदक द्वारा पूर्ण कराया जायेगा। इसके बनने के बाद बगहा पुलिस जिला के एसपी कार्यालय और भवन का निर्माण पुलिस विभाग के पदाधिकारी और पुलिसकर्मी इसका लाभ मिलेगा। जिससे पुलिसकर्मियों को रहने के लिए पर्याप्त सुविधा हो जाएगी। पुलिस भवन निर्माण के भूमि पूजन और शिलान्यास के मौके पर बगहा के सशस्त्र सीमा बल के 65वीं वाहिनी के कमांडेंट नंदन कुमार मेहरा,21वीं वाहिनी एसएसबी के उपकमांडेंट, एएसपी आभियान,एसडीपीओ,बगहा कुमार देवेन्द्र,थानाध्यक्ष सहित कई अन्य पदाधिकारी और अतिथि इस पुलिस भवन निर्माण के भूमि पूजन में शामिल रहें।

# स्वच्छता महारैली में एसडीएम, ईओ सभापति, उपसभापति हुये शामिल

चा० भूमि बगहा



मंगलवार को बगहा नगर परिषद में द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर में महारैली का आयोजन किया गया। महारैली को एसडीएम, ईओ सभापति, उपसभापति द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महारैली का संचालन नगर मिशन प्रबंधक विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया। महारैली में DAY--NULM योजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही नगर परिषद के सभी कर्मचारियों ने भी महारैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बगहा नगर परिषद द्वारा आयोजित इस महारैली में भारी संख्या में एसएसबी के जवानों की सहभागिता रही। इस महारैली के माध्यम से कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बगहा नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत आम जनमानस से बगहा को सुन्दर और स्वच्छ बनाने की अपील की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान की इस महारैली में सभापति पुष्पा गुप्ता, उपसभापति रश्मि रंजन, वार्ड पार्षद संजय यादव, मोबिन अंसारी, जितेंद्र राव, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी, सामुदायिक संगठक प्रियंका द्विवेदी,प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका बगहा एक और दो, अमीन अभय और उमेश आदि की सक्रिय भागीदारी रही। स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी और टाउन प्लानर चंदन कुमार द्वारा महारैली के आयोजन की रूप रेखा तैयार की गई। यह महारैली नगर परिषद बगहा से अनुमंडलीय अस्पताल चौक तक निकाली गई।

# RLSY कॉलेज के कर्मियों ने छात्र को पीटा



चा० भूमि बेतिया

कॉलेज के कर्मीयो ने महाविद्यालय में बीए पार्ट वन में पढ़ाई करने वाला छात्र नीतीश कुमार बुधवार को जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर नीतीश एबीसीडी का कार्ड बनवाने आया था जिसके लिये 500 रुपए की माँग की जब पैसे नहीं दिए तो उसे पीटने लगे। जिसके बाद छात्र की स्थिति को गंभीर देखते हुए कुछ कर्मियों ने उसे जीएमसीएच में भर्ती कराया।









# एचआईवी पॉजिटिव दंपति ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

चा० भूमि बगहा



बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में प्रसव पीड़ित एचआईवी पॉजिटिव एक दंपति ने सोमवार की देर शाम चिकित्सीय वातावरण में स्वास्थ्य जच्चा बच्चा को जन्म दिया है. उक्त विषय पर जानकारी देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने दी बताया कि प्रसव पीड़ित दंपति प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल पहुंचे चिकित्सीय जांच के दौरान पता चला कि पति पत्नी दोनो एचआईवी पॉजिटिव है। जिसके देखते हुए त्वरित अस्पताल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से लेबर वार्ड को नए सिरे से पीपी किट से लैस कर अपग्रेड किया गया और प्रसव पीड़ित महिला को सुरक्षित बेड पर महिला चिकित्सक डॉ पूजा कुमारी जी एन एम व स्वास्थ्य कर्मियों ने पीपी किट की मदद से प्रसव पीड़ित महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रभारी डीएस ने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव दंपति को चिकित्सा देख रेख वातावरण में रखा गया है . और दंपति को हमेशा चिकित्सीय उपचार के संरक्षण में रहते हुए जच्चा बच्चा को रखने का सुझाव दिया गया है.अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक ने बताया कि दंपति को तीसरा बच्ची हुई हैं जो सुरक्षित है उन्होंने बताया कि पॉजिटिव दंपति को पॉजिटिव होने की भनक भी नहीं थी जब परसों पीड़ित महिला अर्बन पीएचसी बगहा दो से हीमोग्लोबिन की मात्रा 7 ग्राम बल्ड होने से रेफर के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया था जहा प्रसव पीड़ित महिला की ब्लड सैंपल की जांच के दौरान पॉजिटिव होने की पॉजिटिव होने की सूचना लगी तो स्वास्थ्य कर्मियों में दंग रहे और इसकी सूचना अस्पताल चिकित्सक समेत प्रभारी उपाधीक्षक को दिया और प्रसव पीड़ित महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया।

# बेलसंडी मुखिया के रवैया से परेशान वार्ड सदस्य द्वारा किया गया प्रदर्शन

चा० भूमि गौनाहा




बुधवार को बेलसंडी पंचायत भवन में कार्यकारणी की बैठक बुलाई गई थी। जिसे मुखिया के तानाशाह रवैइए से क्षुब्ध वार्ड सदस्यों ने बैठक को स्थगित कर दिया। वार्ड सदस्य रंजन कुमार द्वारा बताया गया कि मुखिया अपने आप को तानाशाह समझते हैं और हम वार्ड सदस्यों के सहमति के बिना कोई योजना का एंट्री करा लेते हैं। और हम लोगों को हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाते हैं। पंचायत के उप मुखिया छोटे खान द्वारा बताया गया कि 3 वर्षों से किए गए योजनाओं का कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं कराया गया और न ही कौन योजना कहां करना है कहां हुआ है इसकी कोई जानकारी कार्यकारिणी में दी गई।। इसी के कारण हम सभी वार्ड सदस्यो ने मुखिया के खिलाफ विरोध जताते हुए प्रदर्शनकिया है।

पूर्व में भी मुखिया द्वारा वार्ड सदस्यों को बिना मेल में लिए कई योजनाएं धरातल पर लाया गया था। जिसको लेकर वार्ड सदस्यों के द्वारा विरोध भी किया गया था। लेकिन मुखिया पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे वार्ड सदस्य काफी मर्माहत है।वही इस मौके पर उपस्थित उप मुखिया छोटे खान, वार्ड सदस्य रंजन कुमार, संजय महतो,राम इकबाल पासवान, अनीता देवी, सोनी देवी,उमेश राउत, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि वीरेंद्र काजी, साहेब आलम, जयकिशून महतो, दया सिंह उपस्थित रहे।






# जिले में परिवार नियोजन पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

चा० भूमि वैशाली



» इच्छुक लाभार्थियों को मिलेगा परिवार नियोजन सेवा का लाभ

संस्थागत प्रसव पश्चात लगभग 60 प्रतिशत दंपत्तियों एवं सुरक्षित गर्भपात पश्चात लगभग 90 प्रतिशत दंपत्तियों में परिवार नियोजन की मांग को देखते हुए जिले में 17 सितंबर से 30 सितंबर तक जिले में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने सदर अस्पताल से की। मौके पर परिवार नियोजन से संबंधित दो स्टॉल लगाए गए हैं।

जिनकी मदद से इच्छुक लाभार्थियों के बीच परिवार नियोजन से संबंधित लाभ दिए जाएगें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने कहा कि परिवार नियोजन का इस्तेमाल जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर किया जाता है। इस पखवाड़े के दौरान विशेष रूप से परिवार नियोजन के लिए इच्छुक लाभार्थी और योग्य दम्पत्तियों की तलाश कर उन्हें परिवार नियोजन के लिए जागरूक किया जाएगा। इसमें आशा, एएनएम की भी महती भूमिका होगी।

डीसीएम निभा रानी सिन्हा ने बताया कि प्रसव के उपरांत बंध्याकरण अथवा कॉपर टी संस्थापन पर विशेष बल देते हुए लेवर रूम में परिवार कल्याण परामर्शी, एएनएम स्टाफ नर्स के माध्यम से प्रसव एवं गर्भपात के लिए योग्य एवं इच्छुक महिलाओं को उत्प्रेरित करते हुए सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन के मौके पर अन्य लोग एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विधायक ने अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल वितरण

चा० भूमि बगहा



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्थानीय विधायक राम सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में मरीजों के बीच फल वितरण किया।

17 सितम्बर 2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश मे भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लोग रक्तदान, चिकित्सा शिविर एवं अनय सेवाओं के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे है।

इसी क्रम में स्थानीय विधायक राम सिंह ने बगहा के अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों और चिकित्सकों के बीच फल वितरण किये साथ हीं उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देते हुए नए भारत के शिल्पी एवं विकाश पुरूष जैसे सब्दों से संबोधित किया।

कार्यक्रम में भाजपा संगठन जिला के जिलाध्यक्ष भूपेंद्रनाथ तिवारी जी, जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल जी, मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नागेंद्र सहनी , नगर अध्यक्ष विजय साहू जी, अमित पांडेय, आरपी सिंह, गोविन्द जायसवाल, दीपु गुप्ता, वाशु शुक्ला, आयुष पांडेय, विद्यानन्द गुप्ता एवं दीपक सिंह उपस्थित रहे।









# वी टी आर के बाघ ने ले ली एक और जान

चा० भूमि गौनाहा



» मगरमच्छ के आतंक से पहले ही दहशत के बाद अब बाघ ने वन बैरिया गांव के 55 वर्षीय इन्द्र देव महतो सरेह में गए थे बकरी चराने

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के मंगुराहा वन क्षेत्र अंतगर्त्त मंगलवार को धमौरा पंचायत के वार्ड संख्या 14 वन बैरिया गांव के 55 वर्षिय इन्द्र देव महतो पिता श्यामलाल महतो को दिन के 12 बजे के करीब बाघ ने अपना शिकार बना लिया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मृत ब्यक्ती अपनी बकरी चराने के लिए गए हुए थे। तभी गन्ने के खेत से बाघ निकलकर इंद्रदेव महतो को घसीटते हुए गन्ने के खेत मे लेजाकर अपना निवाला बना लिया । ग्रामीणों ने बताया कि शरीर का आधा से अधिक भाग को बाघ खा लिया है। तभी ग्रामीणों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया और बाघ शव को छोड़कर भाग गया है।

वही घटना स्थल पर सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे । वही सहोदरा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँचर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। वही मंगुराहा रेंज के फोरेटर रूपा सिन्हा ने परिजनों को समझाया कि यदि आपलोग शव को पोस्मार्टम ले लिए जल्दी देते तो आगे की प्रक्रिया भी आरम्भ कर दी जाती। वही लोगों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है।

# गैस रिसाव से लगी आग में झुलसी महिला की मौत

चा० भूमि बेतिया

पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के मधुरी गांव में अपने घर में खाना बना रही सोनी देवी की गैस सिलेंडर से रिसाव होने से लगी आग में जलने से ईलाज के दौरान मौत हो गई। सोनी देवी के आग से झुलसने के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ इलाज के दौरान सोनी की मौत हो गई।

मृतका की पहचान मधुरी गांव निवासी सोनेलाल महतो की 32 साल की पत्नी सोनी देवी के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714